संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
ऊना, गुरूवार, 18 जनवरी 2024 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को नई दिल्ली में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 18 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## देश के 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में सहकारिता क्षेत्र का होगा बड़ा योगदान : शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है। सहकारिता क्षेत्र इस लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में हमें मजबूती से काम करने की जरूरत है। जो कमियां रह गई हैं उसे तय समय में दूर करना होगा। शाह ने बुधवार को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली में केंद्रीय पंजीयक, सहकारी समितियां कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश के विकास में जो भूमिका सहकारिता क्षेत्र को निभानी चाहिए थी उसमें हम कहीं न कहीं पीछे रह गए थे। लेकिन अब हम सबको मिलकर सहकारिता क्षेत्र से देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने का काम किया है। शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने 30 महीने में अभी तक 60 इनीशिएटिव लिए हैं और बीते 09 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा काम किया है। सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने जो भी सुझाव दिए या जो बदलाव किए उसे सभी राज्यों ने स्वीकार किया है। यह अपने आम में बड़ा बदलाव है। शाह ने कहा कि देश के गरीबों के जीवन को सरल बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने गरीबों को राशन,घर,स्वास्थ्य बीमा सहित अनेक सहूलियत दी हैं। अब ये लोग कुछ अलग करना चाहते हैं। ऐसे में सहकारिता क्षेत्र इनके लिए उपयोगी साबित हो सकता है। जहां से ये लोग आर्थिक सहयोग,सुझाव और सलाह लेकर कुछ अपना काम कर सकते हैं। ऐसे में सहकारी बैंकों का प्रसार करना, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करना जरूरी है। इस दिशा में सरकार की ओर से अनेक कदम उठाए गए हैं। हम देशभर में 02 लाख पैक्स खोलने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिसे तय समय में पूरा करेंगे। शाह ने कहा कि आज गुजरात में 36 लाख परिवार पशुपालन व्यवसाय से जुड़े हैं।

### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## '25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला'

= 10 साल पहले कमजोर सरकार थी, कांग्रेस ने सिर्फ गरीबी हटाओ का सिर्फ नारा दिया था: पीएम मोदी

**विपक्ष निशाने पर**

8 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी हमले होते थे : पीएम



**टीम एक्शन इंडिया /तिरुअनंतपुरम**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 16 और 17 जनवरी को आंध्र प्रदेश-केरल दौरे पर हैं। बुधवार (17 जनवरी) की सुबह पीएम मोदी ने केरल के गुरुवायूर मंदिर और त्रिप्रयार श्रीराम मंदिर में पूजा की। दोपहर करीब 1 बजे उन्होंने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड से जुड़े 4000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने एनार्कुलम में भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा- हमें वोटर को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी हमले होते थे। आज भारत को दुनिया विश्व मित्र के रूप में देख रही है। गल्फ देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। पीएम ने कहा- कांग्रेस ने पांच दशकों तक सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया। पिछले 9 सालों के दौरान हमारी सरकार में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इससे पता चलता है कि हमने विकास के लिए जो रास्ता चुना है वो सही है। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला देते हुए कहा- हमारा संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे। हम एक बूथ जीत सकते हैं तो केरल में चुनाव जीत सकते हैं। आपको अधिक मेहनत करनी होगी और हर मतदाता पर ध्यान देना होगा। केरल में सत्तारूढ़ छउ्रझ और विपक्षी गठबंधन वउ्रझ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। हमें ये लोगों तक पहुंचाना होगा।

पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि देश के सामान्य नागरिकों की कमाई के साथ बचत भी बढ़े। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलने से देश के लोगों को 1 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। जन औषधि केंद्रों पर 80% डिस्काउंट से दवा लेने से 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। दस साल पहले 2 लाख रुपए से ज्यादा की इनकम पर टैक्स लगता था।

### इनकम टैक्स पेयर को राहत दी: पीएम मोदी

भाजपा सरकार ने तय किया 7 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। दस साल के दौरान टैक्स पेयर के लगभग ढाई लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार ने मोबाइल और मोबाइल डेटा सस्ता किया है। दस साल पहले मोबाइल डेटा की जो कीमत थी, आज भी वही रहती तो आपका मोबाइल बिल 5 हजार रुपए हर महीने आता। हमारी सरकार में देश के लोगों को हर महीने मोबाइल बिल पर चार से साढ़े चार हजार रुपए की बचत हो रही है।

### 'भारत वैश्विक व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन रहा'

पीएम ने कहा कि अब हमारी ताकत हमारे बंदरगाह थे, हमारी बंदरगाह शहर थीं। आज जब भारत फिर से वैश्विक व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन रहा है, तो हम फिर से अपनी समुद्र शक्ति को बढ़ाने में जुटे हैं।

**पीएम ने केरल में प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया:** नया ड्राई डॉक कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड कोच्चि के मौजूदा परिसर में लगभग 1,800 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

## जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर का हुआ उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/पुरी (ओडिशा)**
देश के चार धामों में से एक 12वीं सदी में बने ओडिशा के पुरी जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर (श्रीमंदिर परियोजना) का काम पूरा हो चुका है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने (17 जनवरी) मंदिर के गजपति दिव्यसिंह देव के साथ इस कॉरिडोर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भारत और नेपाल के एक हजार मंदिरों को न्योता भेजा था। साथ ही देश के चारों शंकराचार्यों, चारों पवित्र धाम और चार अन्य छोटे धामों को भी आमंत्रित किया गया। मंदिर प्रशासन ने नेपाल के राजा को भी निमंत्रण भेजा था। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर से लगे बाहरी दीवार (मेघनाद पचेरी) के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ा गलियारा बनाया गया है।

**पवित्र धाम**

8 सूर्य पूजा-हवन के साथ अनुष्ठान किया गया; 800 करोड़ रुपए में बना गलियारा



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को जिला अंबाला में गुरुद्वारा लखनौर साहिब में मत्था टेक कर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सुखपाल को हाई कोर्ट से मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता सुखपाल खैरा को जमानत देने के पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच इस मामले पर कल सुनवाई करेगी। मामले की सुनवाई के दौरान सुखपाल खैरा की तरफ से पेश वकील पीएस पटवालिया ने कहा कि इस मामले में हमने केविएट दाखिल कर रखी है और पंजाब सरकार की ओर से दाखिल याचिका की हमें प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई और शाम को इस मामले को सुनवाई के लिए लिस्ट करा लिया गया।

## पीएम मोदी सिर्फ झूठे वादे करते हैं: राहुल

'अगर आपके पास किसी चीज का हल नहीं है, तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए।'

**वादाखिलाफी**

8 मोदी ने 9 साल पहले नगालैंड के लोगों से नगा संधि को लेकर वादा किया था, लेकिन इसे लेकर कुछ नहीं किया।



**टीम एक्शन इंडिया/कोहिमा**
भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगालैंड में है। राहुल गांधी ने चौथे दिन सुबह 9 बजे नगालैंड के वीकेटाउन, झुनहाबोटो से यात्रा की शुरूआत की। मोकोकचुंग में उन्होंने लोगों से कहा, 'मैं शर्मिंदा हूं कि पीएम मोदी ने 9 साल पहले नगालैंड के लोगों से नगा संधि को लेकर एक वादा किया था, लेकिन इसे लेकर कुछ नहीं किया। अगर आपके पास किसी चीज का हल नहीं है, तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए।' राहुल ने कहा, 'मैंने नगालैंड के गांव के लोगों के साथ चाय पी। एक बच्ची ने मुझसे पूछा कि इस यात्रा के पीछे मकसद क्या है तो मैंने उसे बताया कि इस यात्रा का मकसद है उसकी बात सुनना। ये समझना कि नगालैंड के लोग क्या महसूस करते हैं और कैसे जिंदगी जीते हैं।' कोहिमा में लोगों को संबोधित करने हुए राहुल ने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छोटे राज्य हैं, आपको देश के बाकी लोगों जैसे बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। राहुल ने यहां द्वितीय विश्व युद्ध के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## महुआ को फौरन बंगला खाली करने का नोटिस मिला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**तृणमूल कां**ग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला फौरन खाली करने का नोटिस मिला है। डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने मंगलवार (16 जनवरी) को उन्हें ये नोटिस भेजा। कैश फॉर क्वेरी केस में 8 दिसंबर 2023 को महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें दो बार बंगला खाली करने के लिए कहा जा चुका है। यूनियन हाउसिंग एंड अफेयर्स मिनिस्ट्री के



एक सूत्र ने बताया कि महुआ को तुरंत बंगला खाली करने के लिए कहा गया है। जल्द ही डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी उनके बंगले पर जाएंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि बंगला जल्द से जल्द खाली हो जाए।

## कट्टरपंथियों की धमकियां पंजाब सेवा से नहीं रोक सकती: भगवंत

**राज्य की शांति**

8 पंजाब सरहदी राज्य होने के नाते राज्य के अंदर और बाहर से ऐसीं चुनौतियों का सामना कर रहा है : मान



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
कुछ कट्टर पंथी ताकतों द्वारा दी जा रही जान से मारने की धमकी को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह राज्य की शांति, तरक्की और खुशहाली के रखवाले हैं और ऐसीं धमकियां उनको इस नेक काम से नहीं रोक सकतीं। मान ने कहा पंजाब विरोधी साजिश करने वालों को विदेश से लाकर सजा दिलाने की कोशिश की जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी 13 सीट जीतेगी। यहां युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित समारोह से मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धमकियां राज्य सरकार की तरफ से पंजाब विरोधी मंसूबों को नाकाम करने के लिए अपनाई गई नीति का कुदरती नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग राज्य की अमन शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं परन्तु हमारी सरकार इन विघनकारी ताकतों को अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरहदी राज्य होने के नाते राज्य के अंदर और बाहर से ऐसीं चुनौतियों का सामना कर रहा है और वह बिना झुके ऐसीं धमकियों का बहादुरी से सामना करेंगे।

## सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए लाइसेंस रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरकार ने** देश के टॉप एनजीओ सेंटर फॉर रिसर्च पॉलिसी का फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट लाइसेंस रद्द कर दिया है। सरकार ने विदेशी फंडिंग में किए गए कानून के उल्लंघन के मामले में यह कदम उठाया है। इससे पहले फरवरी 2023 में गृह मंत्रालय ने 6 महीने के लिए का लाइसेंस सस्पेंड किया था। दिल्ली स्थित इस संस्थान की सीईओ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर हैं। सितंबर




2022 में आयकर विभाग ने के दफ्तरों में तलाशी ली थी। इसके बाद से ही यह आयकर विभाग के रडार पर था। गृह मंत्रालय ने जुलाई 2023 में सस्पेंशन खत्म होने के पहले ही उसे 6 महीने के लिए और बढ़ा दिया था।

**धाम की यात्रा**

आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा

## यूपी के छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी** सरकार राम भक्तों और पयर्टकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरूआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवाएं प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज,



मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी।

**सुविधा**

8 योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी

**राम मंदिर एरियल दर्शन के लिए देने होंगे 3,539 रुपये:** प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम भक्तों को हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। इसके तहत श्रद्धालुओं को राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट समेत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों की हवाई सैर भी करायी जाएगी। इस हवाई सफर का अधिकतम समय 15 मिनट होगा, जबकि प्रति श्रद्धालु किराया 3,539 रुपये तय किया गया है। इस सुविधा के जरिये एक हवाई सफर का लुत्फ 5 श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसकी भार सीमा 400 किग्रा. है। वहीं एक श्रद्धालु अधिकतम 5 किग्रा. सामान के साथ सफर कर सकेगा। इसके अलावा श्रद्धालु गोरखपुर से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भर सकेंगे।

## मणिपुर के मोरेह में सुरक्षाबलों पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**मणिपुर के** मोरेह इलाके में बुधवार (17 जनवरी) की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें इंडियन रिजर्व बटालियन के जवान वांगखेम सोमरजीत की मौत हो गई। इसके अलावा एक और जवान घायल हो गया। हमलावर कुकी समुदाय के बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह रइक के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त



हो गए। फिलहाल तेंगनौपाल जिले में कर्फ्यू लगा है।
मोरह में लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेट्री को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि यहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसी भी वक्त मेडिकल इमरजेंसी बढ़ सकती है। इसलिए हेलिकॉप्टर दिए जाएं।

**हिंसा जारी**

8 एक की मौत :उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलिकॉप्टर मांगे

पुलिस के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में मोरेह के रहे आनंद सिंह चौधरी की हत्या कर दी गई थी। 15 जनवरी को इस मामले में दो संदिग्ध फिलिप खोंगसाई और हेमोखोलाल मटे को गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी का स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया देश दिनेश मीडिया के वार्षिक कैलेंडर-2024 का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सरकारी आवास ओक ओवर में देश दिनेश मीडिया के वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने देश दिनेश मीडिया को तीसरी वर्षगांठ पर बधाई भी दी और भविष्य में भी जनता की समस्या सरकार तक और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने की बात कही। इससे पहले संपादक दिनेश पुंडीर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। गोर हो कि देश दिनेश मीडिया ने तीन वर्ष पूरा होने पर तृतीय वर्षगांठ पर श्री



रेणुका जी स्थित भगवान परशुराम मंदिर की फ ोटो वाला कैलेंडर जारी किया है, जिसका विमोचन मुख्यमंत्री ने ओक ओवर में किया।

**मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में किया अंशदान**

**जनकल्याण**

**8 जनता की समस्या सरकार तक और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने की बात कही**

इसके साथ ही देश दिनेश मीडिया के संपादक दिनेश पुंडीर ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में भी अंशदान किया।

उन्होंने सीएम सुक्खू को 31 हजार रुपये का चेक भेंट कर सुख आश्रय योजना की सराहना की। इस योजना से बेसहारा बच्चों को बड़ा सहारा मिला है और ऐसे बच्चों का भविष्य संवरेगा।

# गणतंत्र दिवस समारोह कुल्लू स्थित ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में मनाया जाएगा

## समारोह की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**यह जानकारी उपायुक्त** कुल्लू आशुतोष गर्ग ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें जिले के सांस्कृतिक दल के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य परेड रहेगा। परेड में महिला व पुरुष की पुलिस टुकड़ी के अलावा गृह रक्षा, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड की टुकडि?ं भाग लेगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य संसदीय सचिव द्वारा विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को



भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभगाध्यक्षको को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम 20 जनवरी तक भेजने के निर्देश दिये। बैठक की कार्यवाही का संचालन सहायक आयुक्त प्रवीण भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं जिला राजस्व अधिकारी डॉ गणेश, पुलिस उप अधीक्षक राजेश कुमार, सीएमओ डॉ नागराज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी जयबन्ति ठाकुर, नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी बी आर नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने बयान देने से पहले इतिहासिक तथ्यों को समझा ही नहीं : धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रेम कुमार** धूमल, पूर्व मुख्यमन्त्री एवं बरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रैस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि सरकार की ओर से दिये गये उस ब्यान को पढकर आश्चर्य हुआ जिसमें भाजपा के हिमाचल विरोधी मानसिकता का जिक्र किया, लगता है ब्यान देने से पहले इतिहासिक तथ्यों को समझा ही नहीं गया और इसी कारण तथ्यों के विपरीत यह ब्यान दिया गया है। देश की जनता को तथ्यों से अवगत करवाने के लिये यह आवश्यक है कि सारी बात विस्तार से लोगों के समक्ष लाई जाये। पहली नवम्बर 1966 को



पंजाब का पुनर्गठन हुआ उसमें से हरियाणा नया राज्य बना और पहाड़ी क्षेत्र हिमाचल में सम्मलित हुआ, उस समय केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी। संसद में पारित किये गये कानून पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 बजए 1966 के अन्तर्गत जितनी आबादी पुनर्गठन के आधार पर जिस प्रदेश में गई उतनी ही परिसम्पत्तियां और देनदारियां उस राज्य को मिली। उस समय देश और तीनों प्रदेशों में कांग्रेस सत्ता में थी परन्तु दुख की बात है कि जब भाखड़ा बांध व अन्य परियोजनाओं का बंटवारा हो रहा था तब हिमाचल सरकार के मुख्यमन्त्री या मन्त्री किसी बैठक में शामिल नहीं हुये, परिणामस्वरूप हिमाचल का दावा कमजोर रहा। प्रो. धूमल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ही बिद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी और हिमाचल के हिस्से का प्रश्न उठाया।

# कलाकारों ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल्लवी नाटी डालकर रंग जमाया

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**इन दिनों महाराष्ट्रा** के नासिक में 27वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024 बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों ने महाकवि कालिदास कलामंदिर के सभागार में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल्लवी नाटी डालकर रंग जमाया। सूत्रधार कला संगम कुल्लू के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व लोक नृत्य प्रभारी सुंदर श्याम तथा प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर के दिशा निर्देशन में तैयार कुल्लवी लोक नृत्य में सनी, कुनाल, सागर, चांद भारती, पवन, कृष्णा, द्रौपदी, उमा महंत, ईशा,



नेहा, टिंकू, संजय, सोहन लाल, पूर्ण चन्द व सेस राम ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। इस दल के साथ कंटिंजेंट इंचार्ज बिलासपुर शिव शंकर के साथ विवेक, रमा शर्मा, सुमनलता, मनोज व इशान युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश की तरफ से उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन जानकारी देते हुए कहा कि संस्था के लिए अत्यंत गौरव व हर्ष की बात है कि संस्था के कलाकारों ने विविध विधाओं में अब तक 14 बार राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके है, जिसमें से आठ बार लोकनृत्य प्रतियोगिता में, चार बार लोकगीत विधा में और तीन बार एकांकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। संस्था के लिए ये अत्यंत गौरव की बात है कि वर्ष 2007-08 में चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में हारमोनियम विधा में पं. विद्या सागर ने कांस्य पदक, 2008-09 उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में बांसुरी वादन में निशांत गौतम ने रजत पदक तथा वर्ष 2016-17 छतीसगढ़ रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव की लोकगीत विधा में पं. विद्या सागर के दिशा निर्देशन में तैयार लोक गीत ने स्वर्ण पदक जीता था। इस वर्ष सूत्रधार कला संगम संस्था पुनः एकल लोक नृत्य और समूह लोक नृत्य में बेहतरीन और सर्वश्रेष्ठ दल रहा है और इस दल के 21 सदस्य एकल लोकनृत्य तथा समूह लोकनृत्य में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### स्त्री से की आयुष मेडिकल ऑफि सर एसोसिएशन ने मुलाकात सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। आयुष** मेडिकल ऑफि सर एसोसिएशन ने आयुष, युवा मामले व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा से भेंट कर उनका स्वागत किया। सुन्दर नगर रेस्ट हाउस में हुई इस मुलाकात में राज्य अध्यक्ष डॉ. देव वर्मा की अगुवाई में एसोसिएसन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त आयुष मंत्री को देव कमरुनाग का चित्र भेट किया। चिकित्साधिकारियों की लंबित मागों को पूर्ण करने की मांग भी की। माग पत्र में एमडी करने वाले डॉक्टर्स के अध्ययन अवकाश को ऑन ड्यूटी मानने, 20 प्रतिशत एएमओ को एसएमओ पर पदोन्नत करने तथा राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति हेतु आर एंड पी रूल में संशोधन कर सेवारत चिकित्सकों की नियुक्ति करने की माग रखी गई। एसोसिएशन द्वारा नई नियुक्तियों पर एनपीए को बहाल करने की मांग भी रखी गई। इस अवसर पर महासचिव डॉ. योगेश, संगठन सचिव डॉ. प्रमोद पारीक, डॉ. आशुतोष, डॉ. हितेश, डॉ. संजय गुलेरिया, डॉ. कल्पना, डॉ. मोनिका, डॉ. सुकर्मा, डॉ. माणिक, डॉ. विक्रांत, डॉ. शीतल, डॉ. विकास सहित चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। सौहार्द पूवर्क हुई भेट में आयुष मंत्री ने सभी मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया।

### मंडी बस स्टैंड में लगे कूड़े के ढेर, बदबू से यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मंडी बस** स्टैंड में लगे कूड़े के ढेर आते-जाते राहगीरों और यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। यह कूड़े के ढेर अक्सर बस स्टैंड में देखे जा सकते हैं। यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड के समीप और बस स्टैंड के अंदर भी गंदगी का आलम है, जिससे यात्रियों का चलना फि रना भी मुश्किल हो गया है। कई बार तो बस स्टैंड में लोग मुंह पर रूमाल रख कर चलते हैं। बस स्टैंड के आसपास और यहां तक की बस स्टैंड के अंदर भी शराब की बोतले अब अमूमन देखने को मिलेगी। हैरानी की बात तो यह है कि बस स्टैंड के बाहर बड़े-बड़े कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। परंतु ना ही अड्डे से संबंधित कोई अधिकारी और ना ही नगर निगम इस समस्या पर ध्यान दे रहा है। सफ ाई कर्मचारियों का कहना है कि वह बस स्टैंड में तीन दफ ा सफ ाई करते हैं वही कूड़ा इक्ा कर एक जगह रख दिया जाता है। जहां से निगम की गाड़ी इस कूड़े को उठती है। उनका कहना है कि निगम की गाड़ी पिछले कुछ समय से कूड़ा उठाने नहीं आ रही जिससे यह परेशानी पेश आ रही है।

# एस्टोन क्शर बंद करने के निर्णय से महंगाई को बढ़ावा दे रही कांग्रेस: अजय

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा प्रदेश** प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 12 महीनों के कार्यकाल में जनविरोधी निर्णय लेने का काम किया है। हिमांचल प्रदेश में सरकार के द्वारा आए दिन जन विरोधी निर्णय लेकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने विधानसभा में अब राजस्व विभाग के नियमो का संसोधन किया जिसके तहत प्रदेश में स्टैम्प ड्यूटी को बहुत ज्यादा बढ़ाकर प्रदेश की जनता को ठगने का काम कर रही है। भाजपा प्रदेश



प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने सीमेंट के दाम बढ? से भवन, सडके बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ऐसे में सीमेंट के दाम भी बढ? से लोगों को काफ ी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। आद्योगिक क्षेत्र में बिजली के दामो को बढ़ाने के निर्णय से उद्योग कारोबारी बाहर के राज्यो का रुख अपना रहे है ।जंहा सरकार को

**विरोध**

**8 प्रदेश में सरकार के द्वारा आए दिन जन विरोधी निर्णय लेकर महंगाई को बढ़ाने का काम किया जा रहा है**

रोजगार देने का काम करना चाहिए था वंही उद्योग बाहर जाने से वेरोजगरी व महँगाई बढ़ रही है। बाहरी राज्यो में सीमेंट हिमांचल से सस्ता मिल रहा है। सरकार ने बिना किसी की सलाह से स्टोन क्शर को बंद किया जिस कारण रेत, बजरी की कीमतों में 3 गुना तक बृद्धि हो गयी। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने बताया कि पूर्व की जय राम सरकार ने अपने कार्यकाल में डीजल के दाम को 7 रुपए कम करके जनता हित में फैसला लिया गया था लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही डीजल पर टैक्स बढ़ा कर जनविरोधी निर्णय लिया।

डीजल महंगा होने के चलते माल वाहक वाहनों के किराए में वृद्धि होने के कारण सामान महंगे दामों पर मिल रहा है। जबसे प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब से लोगो को राहत न देकर, बल्कि आए दिन जन विरोधी निर्णय लेकर प्रदेश में महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है।

### क्रिकेट एसोसियेशन ऑफ मंडी की की पुरुष और महिला चयन समिति का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री। क्रिकेट एसोसिएशन** ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने वर्ष 2023-24 के लिए सभी वर्गों की जूनियर और सीनियर टीमों की चयन समितियों की घोषणा कर दी है। एचपीसीए जिला अध्यक्ष अजय राणा ने कहा कि चयन समिति में प्रवीण सेन, जितेंद्र जमवाल, अनिल शर्मा, कौल सिंह और चेतन ठाकुर को जगह मिली है। महिला वर्ग के चयन की जिम्मेदारी भारती ठाकुर और नेहा सैनी को दी गई है। उन्होंने कहा कि नवगठित समिति ही नए सत्र के लिए सभी टीमों का चयन करेंगी।

# प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए घर-घर पूजित अक्षत से निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए घर-घर पूजित अक्षत से निमंत्रण किया जा रहा है। घर-घर अक्षत बांटने का काम काफी दिन से शुरू भी हो चुका है। 15 हजार कार्यकर्ता अक्षत वितरण अभियान में लगे हैं। अयोध्या जाने वाले संत जिनकों निमंत्रण मिला है उनको निबंधन कराना होगा। निबंधन कराने वाले संत को अपने पास आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भी रखना होगा। सबके राम सब में राम इस वाक्य



को आज चरितार्थ किया नाहन नगर की अक्षत वितरण टोली ने जिसमें बालाजी-शिव मंदिर नजदीक रीठा, अमरपुर मोहल्ला प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के संयोजक आकाश सैनी, सहसंयोजक संजीव चौहान (निशु भगत) सूरज व मोसिन खान साथ मिलकर घर-घर अक्षत वितरण कर रहे हैं। इस तरह इस टोली ने सामाजिक-धार्मिक एकता व साझी संस्कृति का उदाहरण भी पेश किया। इस अक्षत वितरण टोली ने इस विचार को और सुदृढ़ किया कि श्रीराम इस संपूर्ण राष्ट्र के नायक हैं और मयार्दा पुरुषोत्तम राम जैसे महापुरुष सब प्रकार की पूजा पद्धति से ऊपर होते हैं। सबके लिए सम्माननीय, अनुसरणीय व प्रेरणा स्त्रोत भी प्रभु राम युगों से हैं और युगों-युगों तक रहेंगे।

# 'राम की कसम खाने को मजबूर हुए राम के अस्तित्व को नकारने वालों और राम को काल्पनिक बताने वाले'

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**भाजपा के** प्रवक्ता महेन्द्र धमार्णी और विनोद ठाकुर ने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान पर पलटवार करते हुए लोकसभा चुनाव में अपनी हार निश्चित देखकर श्री राम प्रभु की कसम खाकर अपनी पार्टी की डूबती नाव को बचाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के निमंत्रण ठुकराने के बाद कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। भाजपा प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमेशा दोहरी नीति अपनाकर जनता को गुमराह करके वोट हासिल करती रही है और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पक्षधर रही है।आज अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर कांग्रेस नेता राम की कसम खाने के लिए और सत्ता प्राप्त करने के सपने देख रहे हैं।कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व यानी तथाकथित गांधी परिवार हमेशा भारतीय संस्कृति और सनातन का विरोधी रहा है।उन्होंने ने कहा कि भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताने वाले अब देश काल्पनिक होने लगे हैं।भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा प्रदेश में निराशा का वातावरण है। सुख सरकार रोन्दुओं रोने वालो की सरकार बनकर रह गई है। विकास कार्य ठप पड़े हैं, युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगा जा रहा है। झूठी गारंटियों के सहारे



सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब अपने चुनावी वादों से मुकर रही है। आज प्रदेश के वितीय हालात चिंताजनक हो गये हैं।सरकार फि जूलखर्ची करके इस स्थिति को और खराब करने का कार्य कर रही है।सडकों, बिजली, पानी व स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के कगार पर हैं।भाजपा प्रवक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के संगठन व सरकार में आपसी तालमेल की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे प्रदेश का विकास प्रभावित हो रहा है। पार्टी संगठन के पदाधिकारी व विधायक सरकार की कार्यप्रणाली को पक्षपात पूर्ण बताकर कई बार सरकार को कटघरे में खड़ा कर चुके हैं।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान भी कई बार मुख्यमंत्री तथा उनकी सरकार को असहज कर चुके हैं जिससे यह साबित होता है कि कांग्रेस की सरकार और संगठन की आपसी खींचतान चरम पर हैं जिससे प्रदेश का भारी नुकसान हो रहा है।

# व्यवस्था परिवर्तन के दौर में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई: बलबीर वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश में इस** समय कुप्रबंधन का ऐसा दौर चला कि नया दौर का नारा देने वाली सरकार से सभी लोग परेशान हो चुके हैं। प्रवक्ता बलवीर वर्मा ने प्रदेश सरकार की गारंटीयों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने के. लिए हर क्षेत्र से गारंटी दे डाली परन्तु अपनी एक भी गारंटी पूरी करने की उनके पास इच्छाशक्ति, न सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले गारंटी दी थी कि मोबाइल क्लिनिक (वैन) से होगा हर गावं में मुफ्त इलाज परन्तु आज सरकार की वो वैन कहां गई! सरकार ये बताये कि जयराम सरकार के. समय चली योजनाओं को नया नाम देकर आप अब जनमंच की जगह सरकार गावं की ओर कार्यक्रम चलाने की बात कर हैं क्या इन वैन (मोबाइल क्लिनिक) को भी साथ ले जाने का प्रयास सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में जो सुविधाएं स्वास्थय के.क्षेत्र में दी गई थी मात्र उन्हें बंद करने का कार्य सरकार ने किया है। पिछली सरकार की बड़ी व सफ ल योजना हिमकेयर इस सरकार की नालायकी की वजह से बंद होने के. कगार पर है। प्रदेश सरकार हिमकेयर योजना का पैसा अस्पतालों को जारी नहीं कर रही है जो कि 200 करोड़ से ऊपर की देनदारी सरकार के. ऊपर हो चुकी है। आलम यह है कि आज प्राइवेट



अस्पताओं के. साथ साथ प्रदेश के. मेडिकल कॉलेज भी निशुल्क इलाज से आनाकानी कर रहें है। क्रसना लैब जो कि मेडिकल क्षेत्र में प्रदेश में अपनी सेवाएं दी रहे थे। तकरीबन 54 करोड़ रुपए देय हैं और बार-बार कंपनी के नोटिस दिए जाने के बावजूद यह पैसा प्रदेश सरकार ने इस लैब को नहीं दिया है। आज लैब पर दबाव बना कर कार्य करवाया जा रहा है। गौरतलब है कि क्रसना लैब में कम से कम 18,000 हिमाचली युवा कार्यरत है जिन पर आज अपनी नौकरी खोने का डर बना हुआ है जिससे साफ पता चलता है कि यह सरकार युवा विरोधी सरकार है। प्रदेश में सरकार बनाने से पहले युवाओं को रोजगार की गारंटी को पूरा करने के. बजाए आते ही कोविड वारियर्स को निकालना, आउटसोर्स को निकलना और अब इस तरह क्रसना लैब की देनदारी को क्लियर न करना इसी का सूचक है कि सरकार हर मोर्चे पर विफ ल साबित हुई है। प्रवक्ता बलवीर वर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में लम्बे समय से मरीजों को लाने ले जाने वाली सुविधा 108 कि एम्बुलेंस के टायर तक फ ट चुके हैं जिसकी व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही न ही कम्पनी से कोई बातचीत द्वारा बीच का रास्ता निकालने के. लिए प्रयास कर रही है। कोविड के. समय लगे ऑक्सीजन प्लांट का रख रखाव यह सरकार नहीं कर पा रही तो मैं पूछना चाहता हुं सरकार से कि किस व्यवस्था परिवर्तन की बात वो अपने हर भाषण में कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की स्थिति बहुत खराब है, संसाधन विहीन सरकार है। उन्होनें वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार गरीब हितैषी सरकार नहीं है। झूठे वादे और झूठी गांरटी देकर सत्ता में आई सरकार है और हिमाचल प्रदेश के वासियों की किसी भी प्रकार से चिंता इस सरकार को नहीं हैं।

# मंत्री राजेश धमार्णी ने कसारू में किया सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर जिला** में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी ने ग्राम पंचायत कसारू में पौधारोपण कर किया। इस कार्यक्रम में विकास खण्ड घुमारवीं की ग्राम पंचायत कसारू सहित 6 अन्य पंचायतो जिसमें पट्टा, बाड़ी मंझेडवा, पलासला, सेऊ, कोटलू ब्राह्मणा और दधोल पंचायतो के लोगों की समस्या सुनी गई। इस अवसर पर राजेश धमार्णी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार और आम जनमानस के बीच की दूरी को कम करना और घरण्द्वार पर सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने



कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार सरकार द्वारा तक्सीम के मामलों को निपटने के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया। जिसमें अब तक 65 हजार से अधिक इंतकाल के मामलों का निपटारा किया गया है। राज्य सरकार लंबित राजस्व मामलों को समयबद्ध निपटाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में प्रशासन द्वारा लगभग 3000 से अधिक राजस्व मामलों का निपटान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी राजकीय डेण्बोर्डिंग स्कूल खोले जा रही हैए जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए जिला में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला में भदरोग के समीप 39 बीघा जमीन का चयन किया गया है

इसके विकास के लिए 9 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं इसके अतिरिक्त गेहड़वी के साथ बरसंड में 35 बीघा जमीन का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 19 जनवरी 2024 को किया जाएगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत

**गौरवान्वित**

**8 अंडर- 17 की एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा में नव्या शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना के खिलाडियों ने साहिबाबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स मीट में बेहतर प्रदर्शन किया। बुधवार को खिलाडियों का स्कूल में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के अंतर्गत 800, 400 मीटर व अंडर- 17 की एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा में नव्या शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अंडर-17 की 1500 मीटर दौड़ में रीतिका ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-14 की शॉट पुट प्रतिस्पर्धा में वाणी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-14 की 400 मीटर दौड़ में कृष्णा ने रजत पदक अर्जित किया। रोलर स्केटिंग में मयंक ठाकुर ने राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। खुशी ने अंडर-14 की कराटे प्रतिस्पर्धा में रजत पदक हासिल कर साबित कर दिया कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। प्राचार्य अतुल महाजन ने खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। महाजन ने कहा कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने विद्यालय की पहचान बना रहे हैं। उन्होंने खेल प्रशिक्षक राहुल कपिल, मनीष व शेफाली के प्रयासों की सराहना की।



# 'गेस्ट टीचर की भर्ती के फरमान से सरकार का चेहरा हुआ बेनकाब'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**संस्कृत और** संस्कृति संरक्षण संघ बिलासपुर इकाई की बैठक बुधवार को बिलासपुर म ों संपन्न हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष आचार्य मदन शांडिल्य विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में शास्त्री संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समस्त शास्त्री वर्ग को आश्वासन देकर शास्त्रियों के साथ विश्वासघात किया और अब सम्पूर्ण हिमाचल के जो रोजगार की आस लगाए बैठे थे, अब सभी को



बेरोजगारी के अंधेरे में सरकार धकेल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पहले कहा था कि सरकार कहीं भी अस्थाई टीचरों की नियुक्ति नहीं करेगी। किसी भी तरह की बैक डोर नियुक्तियों की मंशा नहीं है। रिक्त चल रहे पदों की नियुक्ति कमीशन और बैच वाइज से की जाएगी। शास्त्री भर्ती में कुछ पद पुराने नियमों से ही भरे। फि र अचानक एनसीटीई का आलाप रागने लगे कोर्ट में जो केस चला है शास्त्री भर्ती पर, उसमें सरकार का जवाब है कि इसे लागू करने के लिए बाध्य नहीं है। उनके साथ क्या जबरदस्ती की गई या कुछ और ही इनकी मंशा है। उन्होने कहा कि अब मुख्यमंत्री का कहना है कि जब तक टीचर भर्ती नहीं होते, हम पीरियड के आधार पर गेस्ट टीचर रखने की शुरूआत करने जा रहे हैं। इस प्रकार का ये दोगलापन असहनीय है। सरकार सभी को सडको पर विरोध करने पर मजबूर कर रही है, हिमाचल सरकार के घर में देर अंधेर दोनों एक साथ है। सरकार के इस काले कानून का संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ हिमाचल प्रदेश पुर जोर विरोध करता है।

# लंबित महंगाई भत्ते और संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान शीघ्र करें सरकार: इंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राष्ट्रीय राज्य** कर्मचारी महासंघ से संबंधित हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र भंगालिया, प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री बृजलाल शर्मा, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा, राष्ट्रीय प्रचार सचिव अमित चंदेल, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य नंदलाल, राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र चौहान, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री नरेश कुमार ने अपने संयुक्त



वक्तव्य में कहा है कि कर्मचारियों की देयताएं सरकार पर बढ़ती जा रही है जिसमें 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर और महंगाई भत्ता मुख्य रूप से है। कर्मचारियों की वरिष्ठता का मुद्दा भी अभी तक हल नहीं हुआ है। महासंघ सरकार से मांग करता है कि कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते और संशोधित वेतनमान के एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाए और कर्मचारियों को राहत प्रदान की जाए।

उन्होंने कहा कि समय पर कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान न होने पर भविष्य में सरकार पर बोझ बढ़ता जाएगा जो की भविष्य में सरकार की वित्तीय स्थिति के लिए ठीक नहीं होगा। अतः कर्मचारियों की देनदारियों का शीघ्र भुगतान किया जाए।

## सुंदर कांड पाठ 22 जनवरी को 5 बजे से

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर।**

**अयोध्या में** श्री राम मंदिर में श्री राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह और उमंग पूरे देश भर में है। इसी के चलते आगामी 22 जनवरी को बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री राम शरणम मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह सुंदर कांड का पाठ शाम पांच बजे से सात बजे तक होगा।

उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि भगवान श्री राम के अलौलिक दर्शनार्थ जहां पूरा देश राम मय है।

# 'भगवान शंकर के लिए भी प्रथम पूज्यनीय हैं गजानन महाराज'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**झंडूता के क्यारी** गांव में बुधवार से श्री गणेश पुराण कथा का शुभारंभ हो गया। 17 से 25 जनवरी तक चलने वाली इस कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित सुरेश भारद्वाज प्रवचनों की अमृतवर्षा कर रहे हैं। कथा से पूर्व भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के महिलाओं, पुरूषों और युवाओं ने भारी संख्या में शिरकत की। ढोल नगाड़ों और बैंड बाजे के साथ श्री गणेश पुराण कथा ग्रंथ को आयोजन स्थल तक लाया गया। जहां पर विधिवत रूप से प्रतिष्ठापित कर कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रवचन करते हुए कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने प्रथम पूज्यनीय



भगवान श्री गणेश की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि त्रिलोकी के स्वामी भगवान शंकर के लिए भी गणपति महाराज प्रथम पूज्यनीय थे। भगवान ने स्वयं यह वरदान उन्हें दिया था तथा वे एक बार इस बात की अवहेलना कर विपति का षिकार हुए। सर्वप्रथम भगवान शिव ने ही गणेश पूजन किया था। इस अवसर पर पंडित सुरेश भारद्वाज ने एक रोचक प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान शंकर द्वारा गणेश जी का शीश काटा गया तो काफी बवाल मचने के बाद माता पार्वती को शंकर ने वचन लिया कि सबसे पहले हमारे पुत्र गणपति की पूजा होगी तभी इसका लाभ सर्वजन को मिलेगा। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर जब त्रिपुरासुर नामक राक्षस के साथ युद्ध करने के लिए रणभूमि में गए तो उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कैलाशपति जी के रथ का पहिया तक टूट गया और वह घायल भी हो गए थे। ऐसे में कैलाश पर्वत पर वापिस आकर माता पार्वती ने शंकर ने सारा वृतांत सुनाया तो माता पार्वती ने कहा कि आप बिना गणपति पूजन के युद्ध में गए थे, इसीलिए आपको विपत्तियों का सामना करना पड़ा।

# स्टेट बास्केट बॉल चैंपियनशिप में बिलासपुर की महिला टीम ने जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अंडर-19 पुरुष** और महिला वर्ग की राज्य स्तरीय बॉस्केट बॉल खेल प्रतियोगिता सरकघाट में बिलासपुर महिला टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली गई इस प्रतियोगिता में अपने पुल में डीएवी कांगडा से मात्र 4 अंको से हारकर दूसरे स्थान रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी, सेमीफ इनल मुकाबला स्पोर्टस हॉस्टल सरकाघाट के साथ हुआ। जिसमे जिला की खिलाडियो अर्पिता, सपना, साक्षी, शिवानी ने बेहतर खेल का प्र्दशन करते हुए अन्तिम क्वार्टर तक मैच को बराबरी पर ले आ। परंतु मुकाबला स्पोर्टस हॉस्टल सरकाघाट ने 52-46 से जीत लिया। तृतीय स्थान के लिए हुए मुकाबले में बिलासपुर ने शिमला को एक तरफ ा 52-22 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। संघ के प्रधान डा. प्रवीण रनौत, करतार सिंह ठाकुर, तेजस्वी शर्मा, दीपक शर्मा, अभिषेक टेस्सू, सुरेश कुमार, अश्वनी कुमार, टीम कोच राजकुमार राठौर और विमल कुमार ने टीम की इस जीत के लिए सभी को बधाई दी।



# सिद्ध चलेहड़ सडक हादसे में व्यक्ति की मौत, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल अंब** के तहत सिद्ध चलेहड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र गिरधारी लाल, निवासी भंजाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राम सिंह निवासी अप्पर भंजाल ने बताया कि मंगलवार रात्रि को मोटरसाइकिल पर किसी निजी काम से भरवाईं गया था। वापिस घर आ रहा था, तो सिद्ध चलेहड़ के समीप पिपलां वाला ढाबा के पास सडक किनारे भीड़ देखी। राम सिंह ने बताया कि सडक किनारे एक बाइक गिरी हुई और दो व्यक्ति घायल पड़े हुए देखा । जिनकी पहचान प्रदीप कुमार निवासी भंजाल व रवि निवासी अप्पर भंजाल के रूप में हुई है। राम सिंह ने बताया कि प्रदीप कुमार रिश्ते में मेरा भतीजा लगता था, जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई।

# जिला में धूमधाम से मनाया गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**श्री गुरु गोबिंद** सिंह जी का प्रकाश दिवस हर वर्ष की भांति पर बुधवार को भी जिला में श्रद्धापूर्वक मनाया। इस उपलक्ष्य जिला के विभिन्न गुरुद्वारा में पाठ और शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया और कई स्थानों पर लंगर लगाया गया।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव कुरियाला से किला बाबा साहिब सिंह बेदी ऊना तक बाबा सरबजोत सिंह जी के मार्गदर्शन में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया व पांच



प्यारों के नेतृत्व में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन डंगेहड़ा, बरनोह, डंगोली, अजनोली, कोटला कलां, अरनियाला, गलुआ सहित शहर की परिक्रमा करते हुए किला बाबा साहिब सिंह बेदी ऊना में संपन्न हुई। गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी व बाबा अमरजोत सिंह बेदी द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया।

नगर कीर्तन के दौरान श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की पालकी को सुंदर रूप में सजाया गया था और सैंकड़ों की तादात में श्रद्धालु संगत शब्द कीर्तन करती हुई साथ चल रही थी। गुरु नानक मिशन संस्था गतका अखाड़ा के वीर योद्धाओं द्वारा इस अवसर पर युद्ध कला का सुंदर प्रदर्शन किया गया। किला बेदी साहिब पहुंचने पर बाबा सरबजोत सिंह बेदी द्वारा पांच प्यारों व संत महापुरुषों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया।

इस अवसर पर संत बाबा जीत सिंह, बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा अमनदीप सिंह, परमजीत सिंह, हरपाल सिंह कोटला, जोगमान सिंह, सुखवंत सिंह, बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरबाल सिंह, गुरमेज सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 22 जनवरी को अखंड पाठ और सामूहिक हनुमान चालीसा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर।**

**बिलासपुर के** दुर्गा मंदिर रौडा सेक्टर में 22 जनवरी को नील कंठ महादेव काव संघ की ओर से अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। आयोजक कमेटी के पदाधिकारी अरविंद ने बताया कि इस अवसर पर भगवती नंदगिरी के सानिध्य में अखंड राम संकीर्तन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दुलैहड़ में सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**जिला ऊना** के हरोली विस क्षेत्र के दुलैहड़ पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में राजस्व, हेल्थ, बिजली, जल शक्ति विभाग से संबंधित कुल 48 जन समस्याएँ प्राप्त हुई अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शेष लंबित समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्राथमिकता के साथ समयबद्ध निपटाने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम से आम जन



की समस्याओं का घर द्वार पर समाधान संभव हुआ है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित की जा रही महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाना है ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली हल्के को पूरे हिंदुस्तान में विकास के मॉडल के रूप विकसित करना उनका मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि पूरे हरोली को अपराध मुक्त करने के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरोली हल्के में नशा तस्करों के खिलाफ पूरी सख़्ती के साथ नकेल कसी जा रही हैं। इसके अलावा उन्होंने गाँवों के प्रधान, उप प्रधान, महिला मंडलों सहित स्थानीय लोगों से आग्रह किया है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ सख़्त करवाई करने के लिए ज़िला प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने में अपना दायित्व निभाये ताकि हल्के में नशे जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि ज़िला में होने वाले अवैध खनन पर भी नकेल कसी जा रही है और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करवाई अमल में लाई जा रही जिसके परिणामस्वरूप पिछले एक साल से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उप मुख्यमन्त्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में पीने के पानी और खेतों में सिंचाई को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर समाधान करना उनका मुख्य लक्ष्य है ताकि लोगो को पीने के लिए स्वच्छ जल और खेतों को पर्याप्त पानी पहुँच सके। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या से निपटने के लिए अमराली में प्रदेश का सबसे ओवरहैड टैंक बनाया जा रहा हैं। पोलियाँ में 50 लीटर और 25 लीटर के दो पीने के पानी के टैंक बनाये जा रहे हैं।

# पीओसी मशीन खराब होने से डिपो होल्डर राशन देने में असमर्थ

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**पीओसी मशीन** खराब होने से जिला के डिपो होल्डर को पिछले चार दिनों से राशन देने में बिल्कुल असमर्थ है। डिपो में समय पर सप्लाई पहुंचने के बावजूद भी उपभोक्ताओं को सही समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है।

पीडीएस डिपो संचालक समिति जिला प्रधान मुकेश शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी से पीओसी मशीन खराब है, जिसकी सूचना जिला नियंत्रक ऊना राजीव शर्मा व निरीक्षक ग्रेड वन रजनी कालिया को दूरभाष पर लगातार दी जा रही



है। इससे डिपो होल्डर भी परेशान है। मशीन ना चलने पर लोगों को बायोमेट्रिक करने के बिना राशन नहीं दिया जा रहा है और उपभोक्ता रोजाना ही डिपो के चक्कर लगाए जा रहे हैं, लेकिन फिंगर नहीं लगने के कारण राशन नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग उठाई कि जल्द से जल्द पीओसी मशीनों का सर्वर ठीक किया जाए। जनवरी माह में अब तक सिर्फ तीन-चार दिन ही मशीन ठीक ढंग से चली है, शेष दिनों में सर्वर न होने की वजह से उपभोक्ताओं को राशन नहीं दिया गया। इससे डिपो होल्डरों सहित सहकारी सभाओं का भी नुकसान हो रहा है। लाखों रुपए का सामान पीडीएस का सहकारी सभा में व डिपो होल्डरों के अंदर पड़ा है, जिसका खराब होने का भी डर है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग मामलों में भगोड़े घोषित हुए दो अपराधी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

पहले मामले में करनाल पुलिस की पीओ स्टाफ की टीम द्वारा अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाले घोषित पीओ अपराधी राजीव पुत्र ओमप्रकाश वासी आजाद नगर थानेश्वर, कुरुक्षेत्र जिसे जेएमआईसी गुलशन वर्मा द्वारा पीओ घोषित कर थाना सिविल लाइन में 15 जून 2022 में आईपीसी की धारा 174ए के तहत दर्ज हुए मुकदमा में गिरफ्तार किया गया।

दूसरे मामले में आरोपी संजय कुमार पुत्र रति राम वासी बयानी को जेएमआईसी हर्ष शर्मा द्वारा अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने पर पीओ घोषित कर थाना इंद्री में 16 दिसंबर 2023 में आईपीसी की धारा 174ए के तहत दर्ज हुए मुकदमा में गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट कर गहरी चोट पहुंचाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना** मुनक की टीम ने घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें इअनिल उर्फ लीला पुत्र रणधीर वासी टीडीआई टस्कन सिटी कुंडली सोनीपत, अमित पुत्र अशोक कुमार वासी भदाना, देवेंद्र पुत्र महेंद्र वासी भदाना और मोहित पुत्र राज सिंह वासी बाग कॉलोनी सोनीपत के नाम शामिल हैं।

### जीएसके का नया कैंपेन '7 वैक्सीनेशन के साथ 7 स्टार प्रोटेक्शन'

**नोएडा।** ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएसके) ने आज 1 से 2 साल की उम्र के शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मल्टी-चैनल कैंपेन लॉन्च किया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) इस उम्र के बच्चों को 7 टीके* लगवाने का सुझाव देता है। इनमें चिकनपॉक्स और हेपेटाइटिस ए की पहली डोज,



मेनिंजाइटिस# व एमएमआर की दूसरी डोज, पीसीवी एवं डीटीपी एचआईबी आईपीवी की बूस्टर डोज और फ्लू की वार्षिक डोज शामिल हैं। वैसे तो भारत में पहले साल लगने वाले टीके की कवरेज बहुत अच्छी है, लेकिन दूसरे साल में ड्रॉप आउट बढ़ जाता है। देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक रूप से ही टीकाकरण हुआ है।जीएसके का कैंपेन माता-पिता को दूसरे वर्ष में भी टीकाकरण के शेड्यूल का पूरी तरह पालन करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे इस तरह की बीमारियों से उनके बच्चों की लगातार सुरक्षा सुनिश्चित हो। आंशिक टीकाकरण बच्चों को संक्रामक बीमारियों के कारण गंभीर परेशानियों के खतरे में डाल सकता है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स, इंडिया की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट झ्र मेडिकल अफेयर्स डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, 'पिछले तीन वर्षों में देश में चिकनपॉक्स, मीजल्स और फ्लू जैसी कुछ ऐसी बीमारियों के संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनसे टीकाकरण की मदद से बचाव संभव है। वैक्सीन से बचाव वाली बीमारियां मात्र शॉर्ट टर्म में ही बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव नहीं डालती हैं, बल्कि इनसे बच्चों के संपूर्ण विकास पर लंबी अवधि में भी व्यापक दुष्प्रभाव पड़ता है। टीकाकरण के पूरे शेड्यूल का पालन करने से स्वस्थ एवं प्रसन्न बचपन सुनिश्चित होता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि बच्चे स्वस्थ वयस्क के रूप में बड़े हों। इस कैंपेन के माध्यम से हम माता-पिता से कहना चाहते हैं कि अपने बच्चों के दूसरे वर्ष में भी उनके लिए तय किए गए टीके उन्हें अवश्य लगवाएं।'

# देश को विकास के पद पर आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: हरविंद्र कल्याण

### अंत्योदय का सपना हो रहा है साकार ग्रामीणों ने किया विकसित भारत यात्रा वैन का जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा** के विधायक हरविंद्र कल्याण ने गांव कोंहड व शरफाबाद माजरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद में कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित कर गांव-गांव व शहर-शहर जाकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह प्रयास सार्थक हो रहा है। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह मिशन रंग ला रहा है।



उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा में नौकरियों के लिए मंडियां लगती थी, इस व्यवस्था को बदलकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मैरिट के आधार पर नौकरी देने की पहल कर युवाओं का मान समान किया है। फैमली आईडी से 36 बिरादरी के लोगों के प्रदेशभर में 19 लाख, जिनमें से हमारी विधानसभा में 19 हजार नये बीपीएल राशन कार्ड बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। आज देश में विकास की गंगा बह रही है। सभी समस्याओं का आज मौके पर ही सरकार हल कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। हर वर्ग के लिए देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू हुई हैं। गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित मोदी की गारंटी वैन हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक है। मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप ने उपस्थित ग्रामीणों को भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने पीएमएवाई, पीएम स्वनिधि, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण समेत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से काफी लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं को लाभ दिया गया।

## 20 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। स्पेशल** स्टाफ असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बस स्टैंड काछवा से दो आरोपियों प्रिंस पुत्र अवतार सिंह और रजत पुत्र लखविंद्र सिंह वासियान राय फॉर्म काछवा करनाल को हुंडई वर्ना कार और नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से कट्टे से 20 किलो 790 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से डोडा पोस्त खरीद बेच का काम कर रहे हैं। जो कि मध्यप्रदेश से डोडा पोस्त कम दाम में लेकर आते हैं और यहां लाकर ऊंची कीमत में



नशा करने वालो को बेचकर पैसे कमाते है। आरोपी खुद भी इस नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं और जल्दी अमीर बनने के लिए यह काम करते है। आरोपी प्रिंस के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मुकदमे और आरोपी रजत के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर चार दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## भाकियू ने किसान के रिहायशी मकान को नीलाम किए जाने के फरमान का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जनपद** के गांव कतलाहेड़ी में कर्ज की अदायगी न कर पाने की एवज में किसान के रिहायशी मकान को नीलाम किए जाने के मसले को लेकर गांव की चौपाल में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले खाट महापंचायत का आयोजन करके जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने गांव में पहुंच कर एक नीजि बैंक द्वारा दूसरी बार रिहायशी मकान को नीलाम किए जाने के ऐलान को नाकाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीण किसान मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगा कर अपनी आवाज को बुलंद्व करते रहे। गांव की चौपाल में आयोजित की गई महापंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुमन व वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की और संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र बैनीवाल ने किया।



बैंक अधिकारी इससे कई माह पूर्व भी किसान संदीप शर्मा के रिहायशी मकान को नीलाम करने का प्रयास कर चुके है। इसी तरह बैंक ने 17 जनवरी का दिन मकान को ताला लगाने व नीलाम करने का किसान संदीप शर्मा को सप्ताह पूर्व एक नोटिस जारी किया गया था, लेकिन भाकियू कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर एकता का परिचय देते हुए बैंक अधिकारियों के प्रयास को विफल कर दिया। बैंक द्वारा एक नोटिस के माध्यम से 17 जनवरी को सुबह 11 बजे का समय निर्धारित किया गया था।

महापंचायत में भाकियू उतरी हरियाणा प्रभारी महताब सिंह कादियान, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, करनाल शहरी प्रधान कृष्ण जागलान, गांव के अध्यक्ष रणबीर सिंह कतलाहेड़ी सहित कई किसान नेताओं ने कहा कि गरीब किसान संदीप शर्मा के आसियाने को किसी भी प्रकार से नीलाम नही होंने दिया जाएगा।

## गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा मॉडल टाउन में जाकर दिया श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। प्रभु** श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल मंदिरों में ही नहीं, बल्कि करनाल के विभिन्न गुरुद्वारों में भी मनाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुधीर कुमार, विभाग संपर्क प्रमुख कपिल अत्रेजा, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा मॉडल टाउन की प्रबंध समिति के प्रेसिडेंट सरदार अमरजीत सिंह, जनरल सेक्रेटरी सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार परमजीत सिंह चावला, सरदार जसवीर सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार गुरविंदर सिंह, भूपसिंह भसीन, स्थानीय पार्षद



प्रतिनिधि गिन्नी विर्क, मनमीत बावा को इस कार्यक्रम के लिए अक्षत निमंत्रण दिया गया और साथ ही अयोध्याधाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मन्दिर का चित्र और पत्रक देकर सभी को आने वाली 22 जनवरी को इस भव्य अनुष्ठान में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया।

गुरुद्वारा के प्रेसिडेंट सरदार अमरजीत सिंह ने इस भव्य कार्यक्रम को पूर्ण गरिमा व हर्षोल्लास के साथ मनाने का आश्वासन दिया और कहा कि शहर के अन्य गुरुद्वारों में भी यथासंभव इस अनुष्ठान के निमित इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम को पर्व के रूप में मनाया जाएगा और गुरुद्वारों को सजाया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय प्रमुख गौरव, सह जिला सेवा प्रमुख रजनीश उप्पल, बलजीत कुमार, दीपक वोहरा आदि उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद व असहाय लोगों को जिला प्रशासन की टीम ने पहुंचाया रैन बसेरों में

### नगर निगम के परियोजना अधिकारी प्रवीचुघ, रैडक्रॉस के लेखाकार प्रदीप कुमार, सहायक राजपाल और होमगार्ड की टीम भी शामिल रही

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**

**जरूरतमंद** व असहाय लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए उपायुक्त अनीश यादव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की टीम ने रैन बसेरों में शिफ्ट किया। जिला प्रशासन की टीम में रैडक्रॉस सोसाईटी के सचिव कुलबीर मलिक, नगर निगम के परियोजना अधिकारी प्रवीण चुघ, रैडक्रॉस के लेखाकार प्रदीप कुमार, सहायक राजपाल और होमगार्ड की टीम भी शामिल रही।

उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार देर रात्रि टीम द्वारा खुले में सो रहे एक दर्जन लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट



किया गया। इन सभी लोगों को मौके पर ही कंबल दिए गए तथा नगर निगम की गाड़ी के माध्यम से इन्हें रैन बसेरों में पहुंचाया गया। जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने का यह अभियान दिसम्बर माह की शुरूआत से निरंतर जारी है। सर्द रातों में राहत पहुंचाने के दृष्टिगत दिसम्बर माह में 1504 लोगों ने रैन बसेरों में शरण ली है। इन रैन बसेरों में जिला प्रशासन द्वारा कंबल, गद्दे, पीने का

**सुविधा**

**8 जरूरतमंद व असहाय लोगों से भी अपील की कि वे जिला प्रशासन की सभी सुविधाओं का लाभ लें**

पानी, मेडिकल किट तथा सर्दी से बचाव के लिए हीटर का भी प्रबंध किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर कुल 6 रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इनमें रेलवे स्टेशन, प्रेम नगर, पुराना बस स्टैंड, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, सैक्टर 12 तथा मेरठ चैंक का रैन बसेरा शामिल है। उन्होंने आमजन से अपील की कि खुले में सोने वाले सभी लोगों रैन बसेरों में बारे में जानकारी दें और उन्हें वहां पहुंचाने में मदद करें। गरीब लोगों की मदद करना मानवता के नाते धर्म बनता है, समाजसेवी लोगों को भी गरीब लोगों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने खुले में सोने वाले जरूरतमंद व असहाय लोगों से भी अपील की कि वे जिला प्रशासन की सभी सुविधाओं का लाभ लें और अपने जीवन को सुरक्षित रखें।

### नेक के मूल्यांकन और मान्यता प्रक्रिया पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। दयाल सिंह** महाविद्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को उच्च शिक्षा निदेशालय हरियाणा के द्वारा मान्यता प्राप्त है। कार्यशाला में नेक के मूल्यांकन और मान्यता प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। दयाल सिंह महाविद्यालय को करनाल जिले के लिए मेंटोर कॉलेज नियुक्त किया गया है। कार्यशाला का आरंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना से शुरू हुआ।

इसके उपरांत आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और रिसोर्स पर्सन प्रोफेसर दिनेश, डायरेक्टर द्धक्त्रष्ट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र तथा प्रोफेसर तेजिंदर शर्मा प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर आशिमा गक्खड़ ने रिसोर्स पर्सन तथा अन्य महाविद्यालय से आएसभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस कार्यशाला की महता को समझाया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि यह कार्यशाला इसीलिए जरूरी है, ताकि सभी महाविद्यालय आसानी से नेक की इस प्रक्रिया को पूरा कर सकें और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका को सुनिश्चित कर सके। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में नेक की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को समझाया। इस कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया। पहले सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर दिनेश ने इस पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को समझाया। उन्होंने यह बताया कि कैसे ,क्त्रक्र की पूरी प्रक्रिया को पूरा करना होता है और फिर 45 दिनों के अंदर एसएसआर भरना होता है। डीवीडी के बारे में भी विस्तार से बताया तथा स्टूडेंट सेटिस्फेक्शन सर्वे की पूरी प्रक्रिया को सभी प्रतिभागियों को समझाया।

## 'आज गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने की जरुरत'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**जिला** कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह तथा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना ने कहा कि सिख पंथ के संस्थापक तथा दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह ने देश के स्वाभिमान की खातिर अपने परिवार को बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि सिख पंथ का इतिहास शहादत से परिपूर्ण हैं। गुरुगोविंद सिंह जी ने देश को एकता और अखंडता के सूत्र में बांधा। आज देश के लोगों को गुरुओं द्वारा बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वह आज गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर अपने उद्गार व्यक्त



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी गुरुओं की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। दोनों कांग्रेस नेता आज डेरा कारसेवा पहुंचे। उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहेब के आगे मस्तक झुकाया। उन्हें डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधन तथा गुरुपर्व कमेटी की तरफ से सिरोपा देकर सम्मानित गया। इस अवसर पर बाबा सुक्खा सिंह, वरिंद्रर सिंह, इंद्रपाल सिंह, रतन सिंह सगू, तेजेंद्र सिंह डिम्पी, गुरपाल सिंह डोनी और समाजसेवी राजेंद्र अरोड़ा पप्पी भी उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व पर की ब्राह्मण धर्मशाला में स्थित मंदिर की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**दशमेश** पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके परिवार की तीन पीढियों के संघर्ष और बलिदान ने उत्तर भारत में मुगलिया आतंकवाद को परास्त करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई। श्री गुरु गोबिंद सिंह जब 9 वर्ष के गोबिंद राय थे, तब उन्होंने अपने पिता गुरु तेग बहादुर को देश और धर्म के लिए आत्मबलिदान करने की प्रेरणा दी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह



चौहान ने असंध के गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर में मत्था टेकने के बाद संगत से संवाद में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सारी दुनिया में इस प्रकार का दूसरा अनूठा उदाहरण नहीं मिलता।

भाजपा नेता ने कहा कि बाबा नानक से जालिम बाबर को फटकारने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वही दसवें नानक यानी गुरु गोबिंद सिंह के समय में उनके हाथों से खालसा पंथ की स्थापना के साथ एक वट वृक्ष बनकर उभरा। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ की बलिदानी परम्परा का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे साहिबजादों की स्मृति में आधिकरिक तौर पर वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मौजूद सरदार चरण सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा डेहरा साहिब के साथ श्री गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान की याद जुड़ी हुई है। इसका निर्माण विभाजन के समय तत्कालीन पश्चिमी पंजाब के शेखुपुरा जिला से आए सिख समुदाय के लोगों ने किया था।

## 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक सुखीजा ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही केंद्र और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। हमेशा भाईचारे को बरकरार रखे। छोटे-मोटे मतभेद भुलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। अशोक सुखीजा बुधवार को शहर के वार्ड नम्बर 8 में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सरकारी



विभागों की स्टालों का अवलोकन किया।

अशोक सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि अंतिम पात्र व्यक्ति का कार्य उसके दरवाजे पर हो, इसके लिए यह संकल्प यात्राएं हरियाणा प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में चलाई जा रही हैं। मोदी-मनोहर सरकार की सोच है कि वंचित पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए उसे समाज की मुख्यधारा में लाना है।

**आमजन को विकसित भारत यात्रा के दौरान मिल रहा योजनाओं का लाभ: संजय** वार्ड नम्बर 10 में विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो दृढ़ संकल्प लिया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राजनीति में राष्ट्र धर्म का विशेष महत्व होता है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वे मोदी की गारंटी वैन के पास आकर अपनी जुबानी अपनी कहानी सुनाकर सरकार की योजनाओं की सराहना कर रहे हैं।

जो लोग गांव में आवास, शौचालय, रसोई गैस सिलिंडर, निःशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान बीमा जैसी किसी भी योजना से अब तक किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हैं, उन्हें वैन के पास आयोजित कार्यक्रम में मौके पर ही योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित किया जा रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थियों को दे रही विभिन्न योजनाओं का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत** सरकार द्वारा लागू की गई प्रमुख योजनाओं/स्कीमों का लाभ समयबद्ध तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम करनाल क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा गत दिनों से प्रारम्भ हो चुकी है। कार्यक्रम में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को शहर के दो अलग-अलग वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम वार्ड नम्बर 18 में स्थित प्रेम नगर के सामुदायिक केन्द्र में आयोजित होगा। इसका समय प्रातः

**काबू**

**8 योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना और उन्हें लाभ पहुंचाना ही इस यात्रा का मकसद है**

10 बजे का रहेगा। दूसरा कार्यक्रम वार्ड नम्बर 19 में स्थित राम नगर के एस.डी. बाल मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसका समय दोपहर 2 बजे का रहेगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य, नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर ही मुहैया करवाना है, ताकि कोई भी लाभार्थी सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी इनका लाभ मिल सके। इस यात्रा का सबसे बड़ा मकसद यह है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना और उन्हें लाभ पहुंचाना ही इस यात्रा का मकसद है।

## संपादकीय

# मालदीव के कंधे पर चीन ने रखी बंदूक

**चीन कुछ** समय से भारत पर लगातार हमलावर है। चीन एलएसी का उल्लंघन निरंतर करता रहा है। लेकिन हर मोर्चे पर विफल रहने के बाद उसने भारत के खिलाफ अत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। वह यह काम भारत के पड़ोसी देशों को अपनी कर्जजाल नीति में उलझाकर कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्ष्यद्वीप यात्रा के बाद जिस तरीके से मालदीव के तीन मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी पर जुबानी हमला किया, वह मालदीव का हमला नहीं है बल्कि उसने यह काम साम्राज्यवादी चीन के इशारे पर किया है।

ध्यातत्व है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन के समर्थक हैं और वह अपने देश में भारत विरोधी राजनीति कर ही सत्ता में आए हैं। सितंबर 2023 में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार मोइज्जू वहां के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनका चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर है। मोइज्जू ने भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के इशारे पर काम करेंगे। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ जहर क्यों उगला? इसके पीछे निहितार्थ क्या थे? इसके पीछे चीन क्यों है? वास्तविकता तो यह है कि चीन केवल मालदीव को ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका सहित सार्क देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। इसके लिए वह इन देशों को अपनी कर्ज जाल नीति और विस्तारवादी नीति के तहत अपने चंगुल में फंसा रहा है।

चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ अत्यंत पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था। हालांकि मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने रिश्तों को सुधारने की अच्छी कोशिश की है।

भारत के एक और पड़ोसी देश म्यामांर पर चीन लगातार लोन का बोझ डालता रहा है। उसने वहां के रखाइन में पानी के भीतर बंदरगाह बनाने का काम शुरू कर दिया है। म्यांमार का आर्थिक गलियारा, हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट, हाइवे और एक्सप्रेस-वे चीन के ही भरोसे हैं। इसके अलावा ड्रैगन अपनी वन बेल्ट वन रोड परियोजना के लिए वह म्यांमार से पहले दिसंबर 2016 में बांग्लादेश को अपने चंगुल में ले चुका है। वहां पायरा बंदरगाह भी 600 मिलियन डॉलर के निवेश से चीनी कंपनियां ही बना रही हैं। चीन और पाकिस्तान के बीच नजदीकी सर्वविदित है। भारत के खिलाफ किसी भी पाकिस्तानी गतिविधि में प्रायः चीन का हाथ रहता है। वन बेल्ट वन रोड परियोजना के तहत ही चीन वहां पर ग्वादर पोर्ट बना रहा है। इसके लिए पाकिस्तान को चीन ने 10 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के नाम पर चीन उस पर 62 अरब डॉलर के कर्ज का बोझ डाल चुका है।

# श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती



आशीष वशिष्ठ

> समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंत:करण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी। श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं

**भारत** के राम भारत राष्ट्र के हृदय की धड़कन हैं। राम राष्ट्र हैं। वे भारत राष्ट्र की पहचान हैं। राम का नाम लेकर यहां का वासी अपनी जिंदगी की घड़ियां गुजारता है। राम उसके भगवान हैं मयार्दा पुरुष भी। राम स्वयं काल हैं, वे काल सत्य हैं। वे खण्डित नहीं, अखण्ड हैं। उन्हें काल खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा से स्त्रोत है। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण करके भारत भूमि पर उतरी थी। वे संपूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना का पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। श्रीराम के चरित्र के साथ ही मानव समाज के लिए उदात्त मानवीय आदर्शों का प्रणेता उपस्थित होता है। श्रीराम, जो राजतंत्र को लोकतंत्र का स्वरूप प्रदान करते हैं, विवष और संकटग्रस्त होकर भी कभी नहीं टूटते हैं, स्वयं शोषित रहकर जन-जन को परिपोषित करते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, उदारता, सरलता, सहिष्णुता से विचलित नहीं होते हैं, वे ही भारतीय चिन्तन में मानवीय अवधारणा के प्रतिरूप हैं। इस देश को प्रेरणा के लिए चाहिए प्रकाश पुंज साक्षात उदाहरण, कोई ऐसा ज्वलंत जीवन जो देशवासियों का केंद्रबिंदु हो। भारत के पास यह ज्वलंत जीवन है। उसके पास उसका राम है। यहां की जनता अपने राम से जुड़ रही है। वह अपने देष की राजनीति को राम केंद्रित बना रही है कि कोई व्यक्ति या दल देष केषासन तंत्र का उपयोग और संचालन अपने लिए नहीं, सबके सुख, सबकी समृद्धि और सबकी निरामयता के लिए करे। श्रीराम भारत के प्रकाश हैं और भारत विश्व का प्राणाधार। राम, भारत और विश्व को अन्योन्याश्रित संबंध है। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सृष्टि का प्रत्येक अंश राम का अंश है। रामांष होने का अर्थ है जीवन की अनगढ़ता का अंत और अनगढ़ कृत्यों के अपराध से मुक्ति। अनगढ़ अर्थात असंस्कृत कृत्यों के अपराध से मुक्ति अर्थात मंगलमय जीवन का प्रारंभ। यह मंगलमयता व्यक्ति को समाज, राष्ट्र और विष्व के साथ एकात्म



करती है। मंगलमयता ही परिवर्तन का बीज है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विभेदकारी राजनीति द्वारा क्षतिग्रस्त भारतीय समाज की संरचना दिन-प्रतिदिन बिखरती गई। श्रीराम से जुड़कर उसे एक बार फिर एकात्मबोध को संदेष मिला है। श्रीराम भारतीय सामाजिक संरचना के संवेदनषील तंतु और तत्व ही नहीं हैं, वे राष्ट्रीय अखण्डता की आधारभूमि भी हैं। श्रीराम परिवर्तन का नाम है। संबंधों और संबोधनों तक में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। भाषा और भावनाएं परिवर्तित हो रही हैं। परिवार, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की धारणा और अवधारणा भी बदल रही है। जो लोग देश–दशा का दर्शन केवल समाचार पत्रों या न्यूज चैनल के समाचारों और शीर्षकों से करते हैं वे निराश हैं, किंतु जो देश की धरती पर लिखे जा रहे इतिहास के संदेश और सामचार से जुड़े हैं वे आशान्वित हैं। वे उज्जवल भविष्य का दर्शन कर रहे हैं।

समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, गोष्ठियों और डिबेट में जिस तरह की चर्चा होती है वह असली भारत नहीं है। वह भारत का यर्थाथ भी नहीं है। वे सभी वास्तविकता से कटे हुए है। संदर्भहीन हैं। असली भारत देशवासियों के मन में, खेत खलिहानों में, कर्मरत किसानों में, युवकों के अंतःकरण में स्फुरित हो रही आस्था में अपना नवीन रूपाकार ग्रहण कर रहा है। विकृत बुद्धि वाले लोग परेशान ही इस कारण से हैं कि उनके थोथे चने का बजना बंद हो रहा है। ये जितना अधिक जोर से चीखेंगे, उनकी आवाज जितनी अधिक ऊंची होती जाएगी, श्रीराम के भारत के उदय की संभावना उतनी ही सबल और उतनी ही समीप आती जाएंगी।

श्रीराम मंदिर निर्माण के कारण हो रहे मंगलमय परिवर्तन का सर्वत्र अनुभव किया जाने लगा है। श्रीराम की चेतना के कारण मानवता के विकास की दिशा स्पष्ट हो रही हैं। भारत की चिरगरिमा प्रतिष्ठा पा रही है। भारत अपनी विसंगतियों को दूर करने की दिशा में प्रवृत्त हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय अस्मिता वास्तविक रूप में अभिव्यक्त होने को है। जो लोग श्रीराम को स्वीकार नहीं करते वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में उन्हें नकार भी नहीं पा रहे हैं। समस्त विष्व को प्रभावित करने में श्रीराम मंदिर की महान् भूमिका का महत्व मौनभाव से ही सही, स्वीकार किया जाने लगा है। श्रीराम के भाव और कर्मतंतु से जुड़े इस देश में अब सब कुछ बदलने की स्थिति में है। परिवर्तन षिषु के जन्म के पूर्व की सुखद पीड़ा आरंभ हो चुकी है। 22 जनवरी को भरी दुपहरी में यह परिवर्तन श्रीराम की तरह संपूर्ण भारत भूमि और देशवासियों के मन में जन्म लेगा और सब कुछ बदला-बदला सा नहीं, बदला हुआ होगा। यह आश्वासन मेरा नहीं, अपने देश के तपस्वी और त्रिकालदर्शी सिद्ध पुरुषों का है। हम, हमारा समाज और राष्ट्र परेशान क्यों हैं? केवल इसलिए कि व्यक्ति समाज और राष्ट्र जीवन का उलझा हुआ संबंध अभी तक सुलझ नहीं पाया, उसे व्यवस्थित नहीं किया गया, उसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका। विकास की दिशा निश्चित नहीं की जा सकी।

श्रीराम आज व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन चरित्र के रूप में एक बार सबके सामने खड़े हैं। विकास की अपराधी अवधारणा की कलई खुलने लगी है और उलझा संबंध अब सुलझने सुधरने लगा है। गत 76 वर्षों में यह प्रथम बार हुआ है कि सत्तातंत्र और राजनीति अर्थतंत्र की जमीन से आस्था की भूमि की ओर मुड़ रही है। अर्थतंत्र में उलझी राजनीति श्रीराम की जनआस्था पर आरूढ़ होकर चिरगुलामी और गुलामी के प्रतीकों से मुक्त हो रही है। अर्थतंत्र ने ही इस देश को मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी में जकड़कर उनकी सत्ता की स्थापना की थी। मुगलों की विलासिता और अंग्रेजों की लूट ने देष को कंगाल और कमजोर किया। भारत की राजनीतिक दासता का दोषी अर्थतंत्र है। जो लोग पैसे को ही परमेश्वर मानते हैं, उनके ही आश्रम में कांग्रेस कल्चर का विकास हुआ है। देश की राजनीति का अर्थ से आस्था की ओर मुड़ना एक शुभ संकेत है। अर्थ दासता, लोभजनित कुण्ठा और क्रूरता को जन्म देता है, उसका आयाम बहुत सीमित है। आस्था का आयाम बहुत बड़ा और बहुत व्यापक है। आस्था का तप-त्याग, सेवा-समर्पण, मैत्री और बंधुता को बोध है। उसमें अपनत्व है, सबको आत्मवत समझने की सहज प्रवृत्ति है। दुःख-दारिद्रय के प्रति दया भाव ही नहीं, उसको समाप्त करने के लिए कर्म चेतना जागृत करने की क्षमता भी है। अर्थतंत्र मुक्त राजनीति श्रीराम से जुड़ेगी तो भूख का षमन स्वतः और सहज भाव से होगा। वास्तव में, भारत का अपने राम की आस्था और आदर्शों पर लौटना किसी बाहरी दबाव के कारण नहीं हुआ। जिन लोगों को इसके कारण केवल राजनीतिक दीखते हैं, वे या तो भयंकर भूल कर रहे हैं, अथवा उन्हें संस्कृति की महाशक्ति का ठीक तरह से ज्ञान नहीं है। राम देश का स्वभाव हैं। देश उनके बिना नहीं रह सकता और यही कारण है कि जब-जब भारत अपने स्व-भाव राम की ओर बढ़ा है, तब-तब उसकी तेजस्विता बढ़ी है, धर्म जागृत हुआ है और मनोरथसिद्ध मुस्कान उसने प्राप्त की है। ये जान लीजिए श्रीराम की जीवनधारा किसी को किनारे छोड़कर आगे नहीं बढ़ती, वह सबको लेकर, सबके साथ-साथ सबके सम्मान को अक्षुण्ण रखते हुए ही आगे बढ़ती है।

## कविता

### एक जोत इधर भी

एक जोत छत की मुंढेर पर जला आना,
जहां साया होता है गहन तमस का।

एक दीपक उस बूढ़ी मां के कमरे के आले पर
जला आना,
जहां बेटे,बहू, नाती,नातीने जाने से कतराते हों।

एक जोत गांव के उस आंगन पर जला आना,
जहां से जाने के बाद बेटा बाप की मौत पर भी
लौटकर न आया हो।

एक दीपक उन खेतों की पगडंडियों पर जला
आना,
जहां का अन्न खा कर वह बड़ा बहुत बड़ा
आदमी बनकर अपनी सुध बुध खो बैठा हो।

एक पवित्र दीपक उस चौखट पर जला आना,
जहां विधवा मां का एकमात्र लाडला सीमा पर
देश के नाम शहीद हो गया हो।

एक दीया उस घर में भी जला आना,
जिस घर की नर्स मां नन्हे बच्चों को छोड़
मरीजों की सेवारत कॅरोना में काल कवलित हो
गई हो।
एक दीप विपन्न कुम्हारों की बस्ती में
जलाना

संजीव

## देश हित में उत्तरदायित्व प्राथम्य

संजीव

**वर्तमान** के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है। व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं

कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है।

## विचार

# भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय

आर.के. सिन्हा

**कई** सप्ताहों से पूरा विश्व ही उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राम मय हो रहे हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक पर देखने को मिलेगा। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को ह्यराम रथ यात्राह्व का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं एफिल टावर के पास एक भव्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जाएगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ भी आयोजित की जा रही है। दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किए जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीता जी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गए। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मारीशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है। राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमानों के नाम शामिल हैं। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी समेत 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र दिया गया है। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।

दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम- तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में राम कथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जन मानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# घर में करें ब्राइडल मेकअप

शहनाज हुसैन

**शादियों** का मौसम चल रहा है और ऐसे में दुल्हन का पिक्चर परफेक्ट दिखना सबकी नजर में रहता है / शादी के दिन सौन्दर्य को लेकर ज्यादातर लड़कियां कंफ्यूज रहती हैं / शादी का दिन हर लड़की के लिए खास होता है। शादी के दिन सबसे सुंदर दिखने के लिए पहले से तैयारी करना जरूरी है। शादी के दिन आकर्षक और कोमल त्वचा पाने से पहले लड़कियों को रूखी त्वचा , कील मुहाँसे , तैलीय त्वचा और अनेक समस्यायों से जूझना पड़ता है /इन सभी समस्यायों का समाधान घरेलू उपचारों से आसानी से किया जा सकता हैं लेकिन इसके लिए आपको काफी पहले से तैयारी करनी शुरू करनी चाहिए / शादी के दिन सुन्दर दिखने के लिए फेस पैक की अपनी भूमिका होती है /

फेस पैक लगाने से पहले आपको कुछ साबधानियाँ बरतनी जरुरी हैं जैसे की

1--- बालों को पीछे की ओर, चेहरे से दूर बांध लें।

2--- स्किन को अच्छी तरह से साफ कर लें।

3 --फेस पैक लगाने के लिए एक फ्लैट, चौड़े ब्रश का इस्तेमाल करें।

4 --आंखों के आसपास की संवेदनशील त्वचा और होंठों पर कोई भी पैक न लगाएं।

5 ---पैक के सूखने तक इसे चेहरे पर लगा रहने दें।

6 --फेस पैक को ताजे और साफ पानी से धो कर हटाएँ /

त्वचा में ताजगी और कोमलता लाने के लिए चोकर, बेसन, दही, शहद, अंडा का मिश्रण का पेस्ट बना कर चेहरे पर लगा कर इसे सूखने के बाद ताजे साफ पानी से धो डालें /

रूखी त्वचा के लिए 3 चम्मच चोकर, एक चम्मच बादाम पाउडर, एक चम्मच शहद, दही और अंडे की जर्दी लें। सबको मिलाकर पेस्ट बना लें। गाढ़ा पेस्ट बनाने के लिए दही या दूध मिला सकते हैं। चेहरे पर लगाएं। सूखने पर धो लें। तैलीय त्वचा लिए 2 चम्मच चोकर, एक चम्मच बेसन, एक चम्मच बादाम पाउडर और एक चम्मच शहद, दही और अंडे का सफेद भाग लें। एक साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। सूखने पर धो लें। इस पैक को हफ्ते में दो या तीन बार लगाएं। पैक को होंठों और आंखों के आसपास न लगाएं।

## गजब बॉलीवुड

डॉ. सुरेश कुमार

**बॉलीवुड ह**मेशा अपने अति-उत्साही नाटक, असाधारण नृत्य दृश्यों और जीवन से बड़े पात्रों के लिए जाना जाता है। उद्योग ने कुछ प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं जिन्होंने दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन सबके बावजूद बॉलीवुड से जुड़ी कुछ मजेदार बातें कुछ इस तरह हैं कथानकः बॉलीवुड फिल्मों में सबसे आम ट्रॉप्स में से एक क्लासिक प्रेम कहानी है। एक विशिष्ट कथानक में एक गरीब लड़के का एक अमीर लड़की के प्यार में पड़ना और सच्चे प्यार की तलाश में उनके सामने आने वाली बाधाएँ शामिल हो सकती हैं। यह अक्सर नाटकीय गलतफहमियों, पारिवारिक झगड़ों और अत्यधिक भावनाओं की एक श्रृंखला को जन्म देता है।

एक अन्य लोकप्रिय कहानी बदला लेने की गाथा है, जहां नायक किसी प्रियजन की हत्या का बदला लेने के लिए अक्सर अपमानजनक स्टंट और एक्शन दृश्यों का सहारा लेता है। कथानक अक्सर इतना जटिल हो जाता है कि यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि कौन किसका बदला ले रहा है। ऐसी "खोई और पाई" कहानियां भी हैं, जहां नायक बचपन में अपने परिवार से अलग हो जाता है, लेकिन कई अविश्वसनीय संयोगों के बाद वर्षों बाद उनके साथ फिर से जुड़ता है। इन कहानियों में अक्सर अच्छे उपाय के लिए भूलने की बीमारी का सबप्लॉट शामिल होता है।

पात्रः बॉलीवुड फिल्में अपने बड़े-से-बड़े किरदारों के लिए जानी जाती हैं, जो अक्सर भावनाओं की अतिरंजित श्रृंखला प्रदर्शित करते हैं। नायक को अक्सर एक आदर्श व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जाता है - मजबूत, बहादुर और न्याय के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार। उन्हें अपने बेदाग सिक्स-पैक एब्स को बनाए रखते हुए, खूबसूरती से नायिका के साथ नृत्य और रोमांस करते हुए भी देखा जा सकता है। दूसरी ओर, नायिका को आम तौर पर अनुग्रह और सुंदरता के प्रतीक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसमें बारिश में नृत्य करने और नाटकीय मोनोलॉग देने की प्रवृत्ति होती है। वह अक्सर संकट में पड़ी एक लड़की का प्रतीक है, जो नायक द्वारा बचाव का इंतजार कर रही होती है।

## न्यूज फ्लैश

### तीन गाड़ियों का ठहराव को लेकर रेलमंत्री को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया / महेन्द्रगढ़**
तीन रेल गाड़ियों के ठहराव को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने बुधवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है।
रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि गाड़ी संख्या 12259-60 जो सप्ताह में चार दिन हावड़ा-सियालदाह-दूरंतो-बीकानेर, गाड़ी संख्या 12323-24 हावड़ा से बाड़मेर सप्ताह में दो दिन तथा गाड़ी संख्या 22481-82 जोधपुर-दिल्ली प्रतिदिन का महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं है। कोरोना से पहले जोधपुर-दिल्ली प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी का ठहराव था, लेकिन कोरोना के बाद इसे बंद कर दिया गया। इन तीनों गाड़ियों का ठहराव रेवाड़ी या फिर लोहारू स्टेशन पर है जिस कारण से क्षेत्र के लोगों को इन ट्रेनों की सुविधा पाने के लिए 50-55 किलोमीटर दूर आना जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर तीन गाड़ियों के ठहराव की मांग पूरी नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है। इन गाड़ियों में यात्रा करने के लिए क्षेत्र के लोगों को रेवाड़ी या फिर लोहारू स्टेशन जाना पड़ रहा है। दैनिक रेल यात्री महासंघ कई साल मांग उठा रहे है कि महेंद्रगढ़ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ यहां के बड़े बड़े शिक्षण संस्थानों में हरियाणा ही नहीं पूरे देशभर के छात्र-छात्राएं पढ़ने आ रहे हैं। उनकी सुविधा को देखते हुए यहां पर इन गाड़ियों का ठहराव अति आवश्यक है। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के हजारों वीर जवान देश की सीमा पर लगे हुए हैं जिन्हें समय-समय पर अपने घर आने व ड्यूटी पर जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है।

### टैंकर में फंस कर एक किलोमीटर तक घिसटती चली गई कार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम का मिजाज बिगडा हुआ है। शाम होते ही कोहरा दस्तक दे देता है। जिसके चलते लगातार सडक हादसे हो रहे हैं। मंगलवार की रात करीब नौ बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर राया कट के समीप एक कार आगे चल रहे दूध के टैंकर में जा घुसी हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। कार करीब एक किमी तक टैंकर में फंसी घसीटती रही और माइल स्टोन 110 तक पहुंच गई। थाना प्रभारी राया अजय किशोर ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 110 किमी आगरा टू नोएडा साइड पर एक होंडा सियाज गाड़ीयूपी 78 एफपी 9107 अपने आगे चल रहे दूध के टैंकर यूपी 83 बीटी 3000 में पीछे से टकरा गई। थाना राया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गाडियों को हटवा कर यातायात को सुचारू किया। कानपुर के काकादेव निवासी परमजीत सिंह के पुत्र करणदीप सिंह (31) कानपुर से नोएडा की ओर जा रहे थे। कार करणदीप ही चला रहे थे और अकेले वही कार में थे। बताया जाता है कि करणदीप के कारखाना में ट्रकों के इंजन की मरम्मत होती है।

**सांड से टकराई बाइक, एक की मौत**
मंगलवार की रात को ही दूसरा सडक हादसा राया क्षेत्र में ही हुआ। यहां बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवीपुरा हाइवे क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवक योगेन्द्र अपने हरदुआगंज अलीगढ़ निवासी रिश्तेदार करूआ के साथ बाइक से जा रहा था। बाइक के सामने सांड के अचानक आगे आ जाने से योगेन्द्र बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने योगेन्द्र को मृत घोषित कर दिया।

### भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था: डा. जितेंद्र सिंह

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद में पहली बार आयोजित चार दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2023 का बुधवार को शुभारंभ हुआ। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित विज्ञान क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग मौजूद रहे।
अपने संबोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि महोत्सव के इस वर्ष का आयोजन अनेक कारणों से खास है, यह ऐसे समय हो रहाहै, जब भारत चंद्रयान सहित अन्य सफलता अर्जित कर विश्व के प्रमुख देशों में शामिल है। वर्ष 1969 में इसरो की स्थापना हुई, उस समय अमेरिका ने मानव मिशन वहां पर उतार दिया, आज भारत दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के मामले में हम विश्व में अव्वल साबित हुए, अरोमा मिशन के माध्यम से हमने एग्रीटेक स्टार्टअप का हब निकला।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने 15 लाख की लागत से बनने वाली पक्की गलियों का किया उद्घाटन

**का-**

**8 -विधायक सुरेंद्र पंवार ने डी-प्लान के तहत गलियों के विकास कार्य को करवाया शुरू**



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने वार्ड-9 स्थित पटेल नगर में डी-प्लान के तहत 15 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉक टाइल्स से बनने वाली पक्की गलियों का उद्घाटन किया। इस कार्य के लिए उन्होंने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के अतुल्यनीय प्रयास की सरहाना की। कालोनिवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार का फूल-मालाओं व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया।
बता दें कि विधायक सुरेंद्र पंवार की तरफ से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में पटेल नगर की गलियों को पक्का करवाने की अनुशंसा भेजी गई थी। इसके बाद पटेल नगर की गलियों को इंटरलॉक टाइल्स से बनवाने के लिए 15 लाख रुपये अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय की तरफ से मंजूर किए गए। नगर निगम द्वारा गलियों को पक्का करवाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई। कार्य आवंटित होने के बाद बुधवार को विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में कार्य का शुभारंभ करवाया। उन्होंने कहा कि पटेल नगर की गलियां पक्की हो जाने से गलीवासियों को काफी राहत मिलेगी। हल्की सी बारिश आते ही आमजन को आवागमन में परेशानी होती थी। जलभराव कीचड़ में तब्दील हो जाता था। कालोनिवासियों ने कहा कि पहले भी विधायक सुरेंद्र पंवार द्वारा पटेल नगर में अनेकों गलियां पक्की बनवाई गई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उनका प्रयास है कि शहर की किसी भी कालोनी में गलियां कच्ची न रहे। उन्होंने कहा कि कुछ गलियां अवैध कालोनी में होने की वजह से कच्ची है। अवैध कालोनियों को वैध करने की आवाज विधानसभा में उठाई थी, जिसके फलस्वरूप जल्द ही सोनीपत की कालोनियां वैध होगी और विकास एक नई बयार कालोनियों में पहुंचेगी। उन्होंने निगम पार्षद राजीव सरोहा की सरहाना करते हुए कहा कि इस कार्य में उनका प्रयास अतुल्यनीय रहा है। इस दौरान मेयर निखिल मदान, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, प्रिंस सरोहा, बिजेंद्र आंतिल, देवेंद्र दहिया, कृपाल, दलबीर, विजय, पालेराम, मोंटी, विक्की, जयभगवान शर्मा, सतार, अजीत सरोहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## उड़ीसा के पशु चिकित्सा अधिकारियों ने लिया मखदूम में प्रशिक्षण



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 20 पशु चिकित्सक अधिकारियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डा. एके गहलोत, पूर्व कुलपति, राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा किया गया। जिन्होंने उड़ीसा से आये हुए 20 पशु चिकित्सकों (13 पुरुष एवं 7 महिला) को कृत्रिम गभार्धान से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला एवं राजस्थान सरकार के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने संस्थान में होने वाली विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से परिचित कराया एवम कृत्रिम गभार्धान से नस्ल सुधार पर विशेष चर्चा की।

## यातायात नियमों को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद**
नांगल चौधरी। महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशाझनिदेर्शानुसार वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा चालकों को निर्धारित लेन में वाहन चलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेन ड्राइविंग नियमों की पालन कराने हेतु पिछले साल पुलिस द्वारा 1100 से अधिक वाहन चालकों के गलत लेन में वाहन चलाने को लेकर चालान काटे गए थे। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हादसों से बचाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है और समयझसमय पर अभियान चला चालान भी किए जा रहे हैं।
थाना यातायात प्रबंधक ने सिरोही बहाली टोल पर वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के नियमों की पालना करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान वहां पर मौजूद वाहन चालकों को यातायात नियमों के पंपलेट भी वितरित किए। उन्होंने वाहन चालकों को बताया कि सड़कों पर बढ़ते यातायात को ध्यान में रखते हुए लेन अनुशासन का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरूक किया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में चले, गलत लेन/गलत दिशा में वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। शराब पीकर वाहन चलाने पर दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। इसलिए शराब पीकर गाड़ी चलाने से परहेज करें।



### मथुरा से अयोध्या भेजे गये तुलसी दल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री राम की नगरी को श्री कृष्ण की नगरी से तुलसी दल की भेंट भेजी गई है। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या धाम के लिए वृन्दावन से तुलसी जी की प्रथम खेप अयोध्या रवाना हुई। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या के लिए तुलसी जी की प्रथम खेप अयोध्या जी के लिए भेजी गई है। अयोध्या जी में कार्यक्रम प्रभारी नीरज गुप्ता के कहने पर न्यास द्वारा तुलसी जी भेजी गई है। आगे भी और तुलसी जी की आवश्यकता अनुसार ओर खेप भेजी जाएंगी। श्री कृष्ण संघर्ष न्यास की ओर से अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन अश्विनी कुमार शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री कन्हैया लाल ब्रजबासी एवं महानगर मंत्री चंचल व राहुल ने सहयोग प्रदान किया।

## हरियाणा केंद्रीय विवि में स्वदेशी उत्पादों पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) में बुधवार से जिला महेंद्रगढ़ खादी ग्रामोद्योग कार्यकर्त्ता संघ, नारनौल के सहयोग से दो दिवसीय स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी की शुरूआत हो गई। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रयासों से आयोजित इस प्रदर्शनी के संबंध में सम कुलपति ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में स्वदेशी प्रेम के विकास और उससे जुड़े आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का एक प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 18 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी के संदर्भ में संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सहभागियों विशेषकर युवा विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगाव विकसित करने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति यह हम सभी का दायित्व है कि हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहयोग दें।
प्रो. सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के नारे व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।



# डिप्टी सीएम के प्रयास से बाघोत को मिला 152डी पर एंट्री व एग्जिट प्वाइंट

**आभार**

**8 -दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर दिलाई मंजूरी, ग्रामीणों ने जताया आभार**

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल। जिला के लोगों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय राजमार्ग-152डी पर बाघोत के पास एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट (आवागमन कट) की मंजूरी मिल गई है। इससे बाघोत में 311 दिन से धरना दे रहे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, चार जनवरी को धरना स्थल पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मुलाकात की थी और 152-डी पर कट होने की पूरी बात को समझा था। इसके बाद धरना देने वाले ग्रामीणों को चंडीगढ़ आने का न्यौता दिया था ताकि प्रदेश स्तर पर इसका रास्ता निकाला जा सके। ग्रामीण भी चार दिन बाद आठ जनवरी को चंडीगढ़ पहुंचे और वहां डिप्टी सीएम से मुलाकात की। वहां पीडब्ल्यूडी विभाग एवं एनएचआई के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। पूरी प्रक्रिया से अवगत होने के बाद बुधवार डिप्टी सीएम केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी से मिले और बाघोत कट नहीं होने से हो रहे नुकसान और कट होने के जनहित फायदों से अवगत करवाया। इसके बाद नितिन गडकरी ने 152डी पर बाघोत के पास एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट बनाने की मंजूरी दी। इससे सीधे तौर पर करीब 40 गांवों को फायदा मिलेगा। सबसे बड़ी बात, धार्मिक आस्था का केंद्र बाघोत धाम में भगवान शिव मंदिर के दर्शन करने के लिए भी अब आसानी से दूसरे जिले के लोग 152डी मार्ग से पहुंच सकेंगे।
इस संबंध में जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि बाघोत में 152डी पर कट की मांग को लेकर कई गांवों के ग्रामीण कई महीनों से धरने पर बैठे थे। जब डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का दो दिवसीय दौरा जिला में तय हुआ तो उनके समक्ष कार्यकताओं ने यह मुद्दा उठाया। जनहित से जुडे.इस कार्य के लिए डिप्टी सीएम चार जनवरी की शाम धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। फिर उन्हें आश्वासन दिया कि आपका यह कार्य करवाने का वह भरपूर प्रयास करेंगे। धरने से जुड़े कुछ लोग चंडीगढ़ आए वहां अधिकारियों को बुलाकर समाधान निकाला



### नगर निगम का हाउस टैक्स बना मुसीबत

**-बिलों पर न हाऊस नंबर, न मकान मालिक का नामः तौमर**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन नगर निगम बनने के बाद लोगों को लगा था कि शहरियों की सुविधा बढ़ेंगी लेकिन दुश्वारियां बढ़ गईं हैं। लोगों को तो सुविधा के नाम पर हाउस टैक्स मुसीबत बन गए हैं भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि नगर निगम द्वारा भेजे गए उल्टे पुल्टे बिल से लोग परेशान हैं। भेजे गए बिलों, नोटिस पर न तो हाउस नंबर दर्ज है और न मकान मालिक का नाम दर्ज हैं। सर्वे कंपनी ने जिस तरह की सर्वे की है ये इस बात से समझा जा सकता है कि गाटर पत्थर से पटे घरों का बिल लेंटर के घरों से ज्यादा बना कर भेजा गया है। लोग अपनी समस्या को लेकर नगर निगम के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। हाइवे के सहारे बसी कई कॉलोनीयों में नगर निगम द्वारा किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई हैं। कॉलोनी में सीवर लाइन, पानी, स्ट्रीट लाइट सुविधा तक नहीं है लेकिन नगर निगम द्वारा लोगों को हजारों रुपये के बिल जरूर थमा दिए गए हैं। आनंदवन कॉलोनी के कांच्छी सेठ ने बताया कि नगर निगम लोगों को सुविधा तो मुहैया नहीं करा पाया लेकिन लोगों की कमर जरूर तोड़ रहा है। गलत हाउस टैक्स जारी होने से लोग खासा परेशान हैं और इधर उधर अधिकारियों के पास अपनी समस्या को लेकर दर दर की ठोकरें खा रहे हैं लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है। सुविधाओं के नाम पर जीरो और टैक्स वसूलने में नगर निगम बन रहा है हीरो। राजकुमार चौधरी, रामवीर सिंह देशवार, जयपाल सिंह, श्यामपाल सिंह, रामकुमार, जगदीश निषाद, विजय सिंह चौधरी, सेनापति कुंतल आदि ने आक्रोश जताया है।

### राम मंदिर विरोध करने वाली कांग्रेस मांगे माफी: ग्रोवर

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि करीब 500 साल बाद अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्री राम जी के मंदिर पर कांग्रेस के नेताओं को माफी मांगनी चाहिए। वे बुधवार को शिवाजी कॉलोनी स्थित श्री सनातन मंदिर और शिव मंदिर में कार्यकताओं और शहरवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में पत्रकारों से बात कर रहे थे।
मनीष ग्रोवर ने कहा कि आज कांग्रेस के नेताओं को प्रभु श्री राम सबके दिखाई देने लगे हैं, लेकिन जब कांग्रेस के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया था तब उनके नेता कहां थे। दरअसल कांग्रेस पार्टी की नियत में ही खोट है। उन्होंने कार्यकताओं के साथ शिवाजी कॉलोनी में प्रभु श्री राम के जय घोष के नारे लगाए।

## जयंत तिवारी व महेन्द्र कादियान का किया जोरदार स्वागत

**समाधान**

**8 कादियान कहा की हमारी कॉंग्रेस सरकार बनते ही इन समस्याओ का समाधान किया जायगा।**

**पानीपत , कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**
ग्रामीण पानीपत के गाँव गढ़ सरनाई व पल्हेड़ी मे काँग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र कादियान व पानीपत जिले के काँग्रेस पार्टी के प्रभारी जयंत तिवारी का गाँव वालों ने बड़े ही धूम-धाम से ढ़ोल बजाकर जोरदार स्वागत किया। और सभी ग्रामवासिओ ने महेन्द्र कादियान को अपनी समस्याओ के बारे मे बताया की राशन कार्ड, फैमिली आइ-डी, प्रॉपर्टी आइ-डी, पेंशन और बिजली के बढ़ते हुए बिलों और महिलाओ ने गैस सिलेंडर के बढ़ते रेट के बारे मे बताया।
महेन्द्र कादियान ने जनता की समस्याओ को सुनते हुए कहा की हमारी कॉंग्रेस सरकार बनते ही इन समस्याओ का समाधान किया जायगा।
पहले की भांति जनकल्याणकारी योजनाए फिर से चलाई जाएगी । जैसे हुड्डा के सरकार मे बहुत से स्टेडियम बनाए गए। खिलाड़ियों के लिए पदकलाओ- पदकपाओ जैसी स्कीमे चलाई गई। उनके लिए अच्छे कोंच लगाए गए। जिस नीतिओ से हमारे खिलाड़ियों ने हरियाणा और देश का गौरव बढ़ाया ।
इस समारोह मे पानीपत जिले के काँग्रेस पार्टी के प्रभारी जयंत तिवारी ने कहा की हमारी सरकार आएगी और आपकी सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। और मणिपुर से राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ों न्याय यात्रा चलाई है ।



# कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा के नीचे रामधुन गाकर किया भाजपा का विरोध

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेसियों ने रामधुन गाकर भाजपा सरकार का विरोध किया और भाजपा पर लोगों का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा के नीचे एकत्रित हुए और रामधुन गाकर सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा कहा कि 15 जनवरी को राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा अपने काफिले के साथ जब अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राम लला के दर्शन के लिए जा रहे थे तो मार्ग में उनको रोक लिया गया तथा उनके साथ जो कार्यकर्ता थे उनको भी रोक लिया गया। गाड़ियों पर लगे झंडा आदि को फाड़ दिया गया तथा उनके साथ अभद्रता का व्यवहार किया गया। कांग्रेस पार्टी के ही शासनकाल में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के द्वारा अयोध्या में रामलाल की स्थापना हुई तथा पूजा अर्चना चालू करायी गयी। राम सबके हैं किसी एक के नहीं हैं। बीजेपी सरकार महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार हर तरह के हमलों मणिपुर की हिंसा आदि मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। इसी कारण से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को रामलाल के दर्शन करने से रोका जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जाति धर्म से ऊपर उठकर राजनीति की है। भाजपा को महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार महिलाओं पर अत्याचार समाधान पर कार्य करना चाहिए। असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकने का कार्य करने से बाज आए।
इस दौरान मनोज शर्मा एडवोकेट, ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत, बृजेश कुमार शर्मा, प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार गौड़, विक्रम बाल्मिक, राहुल चतुर्वेदी, राहुल अरोड़ा, प्रिया पाल सिंह, दीपक पाठक, अखलाख चौधरी, भगवान देवी, मुकेश सिसोदिया, साहब सिंह प्रधान, विपुल पाठक, विजय सिंह लोधी, हर्ष चौरसिया, बनवारी लाल, कमल शर्मा, सोनू सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कार सेवकों के बलिदान से संभव हो सका मंदिर निर्माण: दिनेश शर्मा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की संपूर्ण ब्रज में भ्रमण कर रही राम भक्त कार सेवक सम्मान यात्रा बुधवार को वृंदावन स्थित भगवत मंदिर पहुंची। यहां नगर के कार सेवकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्य नित्यानंद महाराज ने की। कार्यक्रम संयोजक एवं हिंदूवादी नेता पं दिनेश शर्मा ने कहा कि भगवान राम के मंदिर में विराजमान होने का ऐतिहासिक क्षण कार सेवकों के बलिदान एवं प्रयासों से संभव हो सका है। हमें गर्व है कि कार सेवकों का सम्मान कर रहे हैं। हमें अपने आप में गौरव की अनुभूति हो रही है। धर्म रक्षा संघ के अध्यक्ष पं सौरभ गौड़, संयोजक आचार्य बद्रीश ने कहा कि समस्त हिंदुओं के ह्रदय में विराजमान भगवान राम हजारों राम भक्तों के बलिदान के बाद अपनी जन्मभूमि पर 500 वर्ष बाद विराजमान हो रहे हैं फिर भी कुछ धमार्चार्य असंतुष्ट नजर आ रहे हैं जो गलत है। भगवान राम से बड़ा कोई नहीं इसलिए 22 जनवरी को हमें भगवान राम लला के विराजमान होने पर विश्व उत्सव के रूप में मनाना चाहिए।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# राम मंदिर आंदोलन की वजह से संन्यासी हूं: सीएम योगी

## उनके गुरु, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा था: सीएम योगी आदित्यनाथ

**आस्था**

**हम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठता समारोह का श्रेय नहीं ले रहे हैं। हम तो वहां सेवक बनकर जा रहे हैं: योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठता समारोह का श्रेय नहीं ले रहे हैं। हम तो वहां सेवक बनकर जा रहे हैं। मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत सबको मिला है। उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वो राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है।राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह संन्यासी हैं। सीएम योगी ने बुधवार को ताज होटल में एक टीवी चैनल द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनके पूज्य गुरुदेव राम मंदिर के आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में से एक थे। उस कालखंड में भी उनके मन में इस आंदोलन का नेतृत्व था और गोरखपीठ उनके साथ थी।' सीएम योगी ने कहा कि उनके गुरु, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ये आंदोलन आगे बढ़ा था। अब रामलला प्रकट हो रहे हैं, इससे ज्यादा उत्साह की बात और क्या हो सकती है।' सीएम योगी ने कहा कि हम लोग रामभक्त और राम के सेवक के रूप में मंदिर में मौजूद रहेंगे। हमें सौभाग्य मिला है कि हम रामकाज में सहभागी बन गए हैं। जिस काम को दर्जनों पीढ़ियां नहीं देख पाईं, वो समय 500 साल बाद आया है।

### श्रद्धालुओं को आपात स्थिति में मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

**सीएम** योगी ने कहा कि राम मंदिर के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग शहीद हुए और 76 से ज्यादा बार संघर्ष हुआ। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग गोरखपीठ आते रहते थे। आज परिणाम के रूप में राम मंदिर सबके सामने है। मेरे गुरु और दादा गुरु इस आंदोलन में शामिल रहे। अब मैं इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनूंगा, ये मेरा सौभाग्य है। सीएम योगी ने कहा कि एक बार फिर रामलला और राम राज्य की अवधारणा सिद्ध हो रही है। राम मंदिर का काम कठिन था। लेकिन ये प्रभु की पहले से रची हुई कृपा है। हम सब उस अभियान के हिस्से हैं। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य असंभव था अगर केंद्र में मोदी सरकार नहीं होती।

### नमो घाट से मिलेगी अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा

**पर्यटन विभाग के** निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पहले चरण में राजधानी लखनऊ समेत 6 धार्मिक स्थलों से हेलिकॉप्टर सेवा की शुरूआत की जा रही है। वहीं आने वाले समय में मांग के अनुरुप सेवा का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे।

यह दूरी 160 किमी की होगी, जिसे 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है। इसी तरह श्रद्धालु लखनऊ के रमाबाई से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे।

# पीएम आज संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे

**लाभार्थी जुड़ेंगे**

**इसमें कहा गया है कि कार्यक्रम में देशभर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि कार्यक्रम में देशभर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 15 नवंबर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत के बाद से प्रधानमंत्री ने पूरे देश में यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित बातचीत की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पांच बार (30 नवंबर, 9 दिसंबर, 16 दिसंबर, 27 दिसंबर और 8 जनवरी) बातचीत हो चुकी है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी वाराणसी यात्रा के दौरान लगातार दो दिन (17-18 दिसंबर) विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से आमने-सामने की बातचीत की थी।

# 'देश के 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में सहकारिता क्षेत्र का होगा बड़ा योगदान'

**अहम भूमिका**

**अब हम सबको मिलकर सहकारिता क्षेत्र से देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देनी है: शाह**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है। सहकारिता क्षेत्र इस लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में हमें मजबूती से काम करने की जरूरत है। जो कमियां रह गई हैं उसे तय समय में दूर करना होगा। शाह ने बुधवार को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली में केंद्रीय पंजीयक, सहकारी समितियां कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश के विकास में जो भूमिका सहकारिता क्षेत्र को निभानी चाहिए थी उसमें हम कहीं न कहीं पीछे रह गए थे। लेकिन अब हम सबको मिलकर सहकारिता क्षेत्र से देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूती देनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने का काम किया है। शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने 30 महीने में अभी तक 60 इनीशिएटिव लिए हैं और बीते 09 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा काम किया है। सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने जो भी सुझाव दिए या जो बदलाव किए उसे सभी राज्यों ने स्वीकार किया है। यह अपने आम में बड़ा बदलाव है। शाह ने कहा कि देश के गरीबों के जीवन को सरल बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने गरीबों को राशन,घर,स्वास्थ्य बीमा सहित अनेक सहूलियत दी हैं। अब ये लोग कुछ अलग करना चाहते हैं। ऐसे में सहकारिता क्षेत्र इनके लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

# भगवंत मान ने 461 और युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**आधुनिकीकरण**

**सड़क सुरक्षा फोर्स गणतंत्र दिवस पर की जायेगी लॉन्च, पंजाब में पुलिस आधुनिकीकरण पर जोर**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के शुभ दिवस पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 461 नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौंपे और लोगों को इन्साफ दिलाने के लिए दसमेश पिता के नक्शे कदम पर चलने का आहवान किया। मान ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सड़क सुरक्षा फोर्स लॉन्च की जाएगी। सरकार पुलिस आधुनिकीकरण पर जोर दे रही है।

यहाँ म्यूंसिपल भवन में नियुक्ति पत्र देने के लिए अस्योजित समारोह के दौरान संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू साहिब ने हमें जुल्म, बेइन्साफी और दमन के विरुद्ध लड़ने का उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि इस पवित्र दिवस पर हम सभी को अपनी ड्यूटी पूरी इमानदारी, और लगन के साथ निभाने का प्रण लेना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमें श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के दर्शाऐ मार्ग पर चलते हुये लोगों की सेवा उत्साह के साथ करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह म्यूंसिपल भवन ऐसे कई समारोहों का गवाह रहा है, जिसमें नौजवानों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरियाँ मिलीं हैं।

## बदरीनाथ और हेमकुंड समेत ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी

**जोशीमठ (चमोली):** उत्तराखंड में मौसम पल-पल करवट बदल रहा है। बुधवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और बदरीनाथ धाम, फूलों की घाटी, हेमकुंड, औली, रुद्रनाथ, हनुमान चट्टी, समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। जबकि निचले स्थान में मौसम खराब होने से कड़ाके की ठंड हो रही है। वहीं, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित आस-पास खरशाली गांव , जानकीचट्टी, नारायण पुरी फूलचट्टी क्षेत्र में भी हल्की बर्फबारी हुई। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी फिलहाल तीन-चार दिन बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार आज मैदानी इलाकों में कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, विंटर बारिश न होने की वजह से सूखी ठंड परेशान कर रही है।

# भारत एक असाधारण सफलता की कहानी: ब्लिंकन

**सराहा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां और कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रहे है: एंटनी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत को "असाधारण सफलता की कहानी" करार देते हुए बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां और कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2024 में ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और मोदी के बीच प्रगाढ़ संबंध हैं और उनकी बातचीत में अमेरिका-भारत संबंधों सहित सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की प्रशंसा करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत हमेशा बातचीत करते रहते हैं और इनमें लोकतंत्र और मौलिक अधिकारों से जुड़े सभी पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा हम निरंतर और बहुत वास्तविक बातचीत करते रहते हैं।

ब्लिंकन ने ये बातें उस सवाल के जवाब में कहीं जिसमें पूछा गया था कि मोदी के शासन में देश की मजबूत आर्थिक प्रगति और आधारभूत संरचना निर्माण के बावजूद क्या हिंदू राष्ट्रवाद का उदय भारत के लिए चिंता के विषय है।

## बौखलाए पाकिस्तान ने ईरान से राजदूत को वापस बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया/इस्लामाबाद**
**ब्लूचिस्तान** में ईरानी हवाई हमलों से पाकिस्तान बौखला गया है। बुधवार को पाकिस्तान ने तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुला दिया है, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी राजदूत को निष्कासित कर दिया है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला लिया है। साथ ही कहा कि ईरानी राजदूत को देश छोड़कर जाना होगा। आने वाले दिनों में होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों को रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को ईरान ने देर रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद एक आतंकी समूह के मुख्यालय पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। ईरान ने आतंकी संगठन जैश अल अदल के मुख्यालय निशाना बनाया।

## वैश्विक दबाव में ध्वस्त हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली:** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। आज दिन के ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से शेयर बाजार 2 प्रतिशत से अधिक टूट गया। आज के कारोबार में सेंसेक्स करीब 1,700 अंक तक टूटा। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में 480 अंक से अधिक लुढ़क गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से दोनों सूचकांक निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके बंद हुए।

# उड़ानों में देरी पर शशि थरूर-ज्योतिरादित्य सिंधिया में जुबानी जंग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बीच कोहरे के कारण उड़ान में देरी और दिल्ली हवाईअड्डे पर अव्यवस्था को लेकर विवाद हो गया। कांग्रेस नेता ने इसे मोदी सरकार द्वारा निर्मित आपदा बताकर केंद्र पर निशाना साधा। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनपर पलटवार करते हुए कहा कि थरूर थिसॉरस (शब्द भंडार) की अपनी गूढ़ दुनिया में खोए हुए हैं। उनके इंटरनेट से चुनिंदा प्रेस लेखों का डेटा संकलन शोध के रूप में उपयोगी है। उन्होंने एक के बाद एक छह एक्स पोस्ट कर केंद्र की मोदी सरकार पर तंज कसा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर अराजकता नागरिक उड्डयन मंत्रालय की उपेक्षा और अक्षमता का परिणाम है। विश्व के अन्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों जैसी आधुनिक सुविधाएं यहां स्थापित करने में नागरिक उड्डयन मंत्रालय विफल रही है।

**खेलों को बढ़ावा** दुनिया में भारत का बजेगा डंका, तैयारी में जुटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटिज

# एक्सीलेंस सेंटर खोलने को लेकर तैयार होगा दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप से लेकर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में देश का वर्चस्व बढ़ाने की दिशा में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज ने बडा कदम उठाया है। अलग-अलग खेलों में प्रतिभाशाली खिलाडियों की पूरी की पूरी बैंचमार्क तैयार हो सके, इसके लिए एआईयू ने दूरगामी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इस कडी में एआईयू चेयरमैन की अध्यक्षता में तीन सब कमेटियों का गठन किया गया है, जो स्पोर्ट्स एक्सीलेंस टेनिंग सेंटर स्थापित करने, सीएसआर फंड के सदुपयोग और खिलाडियों को एक्सपोजर दिलाने के लिए युनिवर्सिटी गेम्स को मीडिया के हर प्लेटफार्म पर लाने के लिए अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। शीतल देवी, महज 17 साल की तीरंदाज, जम्मू-कश्मीर के किशतवाड जिला के एक गांव में जन्मी, राजस्थान के झुंझुनू स्थित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट आज देश की सबसे कम उम्र की अर्जुन अवार्डी है। सब कमेटी में अनिरूद्धा देवा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी असम के वाइस चांसलर प्रोफेसर जेपी वर्मा, श्रीजेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू के वाइस चांसलर डॉ देवेंद्र सिंह ढुल व एमजी युनिवर्सिटी कोट्टायम की डायरेक्टर स्पोर्ट्स प्रोफेसर बीनू जार्ज वर्घसे, युनिवर्सिटी गेम्स को बढावा देने के लिए कारपोरेट सोशल रेस्पांसिब्लिटी फंड सीएसआर के सदुपयोग के लिए सब कमेटी में अनिरूद्ध देवा स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी असम के वाइस चांसलर प्रोफेसर जेपी वर्मा, श्रीजेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू के वाइस चांसलर डॉ देवेंद्र सिंह ढुल, एमजी युनिवर्सिटी कोट्टायम की डायरेक्टर स्पोर्ट्स प्रोफेसर बीनू जार्ज वर्घसे, डायरेक्टर स्पोर्ट्स मणिपाल डॉ रीना पूनिया, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व डायरेक्टर स्पोर्ट्स व ओलंपियन वीएस चैहान, यूनिवर्सिटी गेम्स के बेहतर प्रचार व खिलाड़ियों को अच्छा एक्सपोजर दिलाने के लिए बनाई गई सब कमेटी में जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू के वाइस चांसलर डॉ देवेंद्र सिंह ढुल, डायरेक्टर स्पोर्ट्स मणिपाल डॉ रीना पूनिया, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व डायरेक्टर स्पोर्ट्स व ओलंपियन वीएस चौहान, केआईआईटी युनिवर्सिटी के डीजी स्पोर्ट्स डॉ गगनेन्दु दास, एमजी युनिवर्सिटी कोट्टायम की डायरेक्टर स्पोर्ट्स प्रोफेसर बीनू जार्ज वर्घसे को शामिल किया गया है।

